

हिन्दी दैनिक

# राष्ट्र संवाद

आपका राष्ट्र, आपका संवाद

जमशेदपुर, सोमवार,20 अक्टूबर 2025

नगर संस्करण
वर्षः 02,अंकः147

मूल्य : दो रुपए

जमशेदपुर से प्रकाशित

RNI No. : JHAHIN - 01092





## अयोध्या दीपोत्सव 2025: सीएम योगी ने खींचा रथ, उतारी आरती, जय श्रीराम से गूंजा रामकथा पार्क

### अयोध्या में 26 लाख 17 हजार दीपक जलाने का रिकॉर्डः राम की पैड़ी पर लेजर शो में दिखे रामायण के प्रसंग, 2128 अर्चकों ने की महाआरती

**अयोध्या।** अयोध्या में दीपोत्सव के भव्य आयोजन के बीच मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने श्रीराम के राज्याभिषेक समारोह में रथ खींचा, आरती उतारी और भगवान श्रीराम, लक्ष्मण, भरत, शत्रुघ्न व गुरु वशिष्ठ का तिलक किया।

रामकथा पार्क जय श्रीराम के उद्घोष से गूंज उठा, जबकि पुष्पक विमान रूपी हेलीकॉप्टर से पहुंचे राम-सीता-लक्ष्मण और हनुमान के स्वरूपों ने पूरे माहौल को आध्यात्मिक आभा से भर दिया। इस दौरान प्रदेश सरकार के मंत्री सूर्य प्रताप शाही, जयवीर सिंह, राकेश सचान व सतीश शर्मा ने भी आरती उतारी। राम मंदिर ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय समेत रामनगरी के संत महंतों ने भी आरती उतारी। समारोह में हजारों की संख्या में संत, महंत, श्रद्धालु और पर्यटक राज्याभिषेक समारोह का हिस्सा बने। रामनगरी में दीपोत्सव बड़ी धूमधाम से आयोजित हो रहा है। पुष्पक विमान रूपी हेलीकॉप्टर से राम, लक्ष्मण, सीता और



हनुमान के स्वरूप रामकथा पार्क हेलीपैड पहुंचे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कई मंत्रियों के साथ भगवान के स्वरूपों की अगवानी की। यहां राम जानकी की वंदना के साथ भरत मिलाप भी हुआ। उनके साथ अन्य मंत्रियों ने माल्यार्पण कर स्वागत किया। दीपोत्सव के लिए राम की पैड़ी पर बिछाए गए दीयों में बाती डालने का काम शुरू हो गया है। बाती डालने के बाद दीयों में सरसों का तेल डाला जाएगा। इसी बीच मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रकाश पर्व दीपावली के पावन अवसर पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देते हुए प्रभु श्रीराम से उनकी सुख-समृद्धि एवं मंगलमय जीवन की कामना की है। उन्होंने अपने शुभकामना संदेश में कहा कि पर्व एवं त्योहार शांति, एकता व सद्भाव का संदेश देते हैं एवं सामाजिक सौहार्द में वृद्धि करते हैं। दीपावली का पर्व भारत की सनातन धर्म की परंपरा का एक महत्वपूर्ण पर्व है।

## रांची में मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के तहत 97 करोड़ 10 लाख 15 हजार की सम्मान राशि का हुआ भुगतान

राष्ट्र संवाद संवाददाता

**रांची।** दीपावली और छठ पूजा के पावन अवसर पर झारखंड सरकार की ओर से राज्य की महिलाओं को विशेष उपहार स्वरूप मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना की सम्मान राशि का भुगतान किया गया है। यह भुगतान अक्टूबर माह की सम्मान राशि के रूप में किया गया है, जिससे रांची जिले की लाखों महिलाओं को त्योहारों से पूर्व आर्थिक सशक्तिकरण का लाभ प्राप्त हुआ है। मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के तहत आज रांची जिले की कुल 3 लाख 88




हजार 406 लाभुकों के बैंक खातों में आधार बेस्ड डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (डीबीटी) के माध्यम से 2,500 प्रति लाभुक की दर से कुल 97 करोड़ 10 लाख 15 हजार रुपये की राशि का भुगतान किया गया है।

रांची उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने रविवार को कहा है कि मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना राज्य की महिलाओं के सम्मान और आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। दीपावली और छठ जैसे पावन अवसर पर इस राशि का भुगतान महिलाओं के चेहरे पर मुस्कान और घरों में खुशहाली लाएगा। जिला प्रशासन यह सुनिश्चित कर रहा है कि सभी पात्र लाभुकों को समय पर और पारदर्शी तरीके से योजना का भुगतान मिले।

### 11 हजार दीपों से जगमगाया सिदगोड़ा सूर्यधाम

## दीपोत्सव में शामिल हुए पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास

राष्ट्र संवाद संवाददाता

**जमशेदपुर।** दीपावली की पूर्व संध्या पर सिदगोड़ा स्थित सूर्य मंदिर परिसर दीपों और रंगबिरंगी लाइटों से जगमगा उठा। सूर्य मंदिर समिति की ओर से श्रीराम मंदिर प्रांगण और पूरे परिसर में 11 हजार देशी घी के दीप जलाकर दीपोत्सव मनाया गया।

कार्यक्रम में झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री एवं मंदिर समिति के मुख्य संरक्षक रघुवर दास मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने पहला दीप जलाकर दीपोत्सव की शुरुआत की और



श्रद्धालुओं के संग दीप प्रज्वलित कर खुशियां साझा कीं। इस दौरान आतिशबाजी और रंगोली से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। रघुवर दास ने प्रदेशवासियों को दीपावली और छठ पूजा की शुभकामनाएं दीं तथा 'वोकल फॉर लोकल' अभियान को अपनाने और मिट्टी के दीयों के प्रयोग की अपील की। इस मौके पर संरक्षक चंद्रगुप्त सिंह, अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह, अमरजीत सिंह राजा, रूबी झा, शैलेश गुप्ता, शशिकांत सिंह, कंचन दत्ता, प्रमोद मिश्रा, गुंजन यादव, दिनेश कुमार, मिथिलेश सिंह यादव, कमलेश सिंह, टुनटुन सिंह, विनय सिंह, कुमार अभिषेक, राकेश कुमार समेत कई श्रद्धालु उपस्थित थे।

हिन्दी दैनिक

राष्ट्र संवाद

आपका राष्ट्र, आपका संवाद

जमशेदपुर से प्रकाशित

RNI No. : JHAHIN - 01092

**बिहार विधानसभा चुनाव में वॉइस से प्रत्याशी जो किसी भी मामले में आरोपी हैं उन्हें तीन बार अखबार में विज्ञापन देना है समस्तीपुर खगड़िया मुंगेर लखीसराय बेगूसराय के सभी विधानसभा के प्रत्याशी बिहार उप ब्यूरो अशोक कुमार ठाकुर से संपर्क कर विज्ञापन दे सकते हैं ।**

मोबाइल नं. 7631630408

संपादक
राष्ट्र संवाद

## दिनदहाड़े अगवा कर युवक की गोली मारकर हत्या

राष्ट्र संवाद संवाददाता

**पलामू।** पलामू के चैनपुर थाना क्षेत्र के शाहपुर नई मुहल्ला में रविवार सुबह एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई। गोली मारने से पहले अपराधियों ने युवक को अगवा किया। चैनपुर से बाइक पर उठा कर पिटाई करते हुए तीन किलोमीटर दूर ले जाकर हत्या कर दी। गोली मारने से पहले युवक को चाकू मारने के जख्म के निशान मिले है। मृतक की पहचान चैनपुर पठान मोहल्ला निवासी इबरार हजाम (मिस्त्री) के 30 वर्षीय पुत्र हसन अली के रूप में हुई है।

स्थानीय लोगों ने बताया कि पांच की संख्या में पहुंचे अपराधियों ने घटना को अंजाम दिया है। घटना का कारण आपसी रंजिश बताया



जा रहा है। हत्या करने से पहले युवक को ले जाते समय का दृश्य आसपास के सीसीटीवी कैमरे में कैद हुआ है। पुलिस उसके आधार पर अपराधियों की पहचान करने में जुटी हुई है। मृत युवक के पैकेट से प्रतिबंधित सिरप बरामद किया गया है।जानकारी के अनुसार हसन अली और विनय अग्रवाल चैनपुर में अस्पताल चौक के समीप बैठे हुए थे। इसी क्रम में 4 से 5 युवक वहां पहुंचे और दोनों युवकों की पिटाई की। हसन अली को जबरन बाइक पर बैठा लिया और वहां से लेकर चले गए। करीब तीन किलोमीटर

## पानी टंकी गिरने से दो बच्चों की मौत, तीन घायल



राष्ट्र संवाद संवाददाता

**गोड्डा।** जिले के सुंदरपहाड़ी थाना क्षेत्र के डाहुबेड़ा गांव में बनी पानी की टंकी अचानक भरभरा कर गिर गई, जिसकी चपेट में आने से दो बच्चों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि घटना में तीन अन्य बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए।

घटना में घायल बच्चों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया है।

स्थानीय लोगों के मुताबिक, घटना के वक्त सभी बच्चे पानी टंकी के नीचे स्नान कर रहे थे, तभी अचानक टंकी का पुराना ढांचा ढह गया और भारी मात्रा में कंक्रीट और लोहे के रॉड बच्चों के ऊपर गिर पड़ा। ग्रामीणों ने बच्चों को मलबे से बाहर निकाला और आनन-फानन में उन्हें अस्पताल पहुंचाया। मृतकों में धर्मेंद्र पहाड़िया (5), पिता रामचंद्र पहाड़िया और मैंसानाथ पहाड़ियां (4), पिता सुंदर पहाड़िया शामिल है। जबकि घायलों में गौरव पहाड़िया (5), पिता धर्मा पहाड़िया की नाजुक स्थिति को देखते हुए भागलपुर रेफर कर दिया गया है।

वहीं दो बच्चे मैसा पहाड़िया और चंदन पहाड़िया घायल हैं।

घटना में सुंदर पहाड़िया के दो बच्चे हताहत हुए हैं। इनमें उसके एक बच्चे की मौत हुई है, जबकि उसका एक अन्य बच्चा गोड्डा हॉस्पिटल में भर्ती है।

घटना में घायल हुए तीन बच्चों को गोड्डा सदर अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टरों ने इलाज शुरू किया। इनमें से एक बच्चे की हालत गंभीर है, जिसे बेहतर इलाज के लिए भागलपुर मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया गया है।

वहीं दुर्घटना की खबर मिलते ही गोड्डा के उपायुक्त अंजली यादव और पुलिस अधीक्षक मुकेश कुमार भी सदर अस्पताल पहुंचे और घायलों का हाल जाना। उन्होंने पीड़ित परिजनों को सरकारी सहायता देने के साथ हर संभव मदद का भरोसा दिलाया। उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को घटना की जांच कर रिपोर्ट सौंपने के निर्देश दिया है।

## रांची के रेस्टोरेंट में फायरिंग, संचालक की गोली मारकर हत्या

**राष्ट्र संवाद संवाददाता,रांची।** रांची के कांके रोड स्थित प्रसिद्ध चौपाटी रेस्टोरेंट के संचालक विजय की गोली मारकर हत्या करने का मामला रविवार को प्रकाश में आया है। शनिवार की देर रात कुछ अपराधियों ने इस घटना को अंजाम दिया है। स्थानीय लोगों ने बताया कि गोली चलने की आवाज सुनकर जब वे लोग रेस्टोरेंट की तरफ दौड़े तो कुछ युवक बाहर निकल रहे थे, जबकि विजय जमीन पर गिरे हुए थे। आनन-फानन में उन्हें इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। रेस्टोरेंट के कुछ कर्मचारियों ने बताया कि उनके मालिक विजय और दो तीन युवकों की



किसी बात को लेकर पहले बहस हुई, इसी बीच एक युवक ने गोली चला दी। मामले की जानकारी मिलते ही रांची पुलिस के कई वरीय अधिकारी, थाना प्रभारी मौके पर पहुंचे। पुलिस के अनुसार खाने को लेकर हुए विवाद में फायरिंग को अंजाम दिया गया है। बताया जा रहा है कि कुछ लोगों ने रेस्टोरेंट से बिरयानी ऑर्डर की थी। वेज और नॉन वेज बिरयानी को लेकर कुछ विवाद हुआ, जिसके बाद बिरयानी ऑर्डर करने वाले युवकों में से एक ने विजय पर गोली चला दी। गोली सीधे विजय के सीने में लग गई।




### अवकाश की सूचना

दीवाली पर्व के अवसर पर कार्यालय में सोमवार (20 अक्टूबर) को अवकाश रहेगा। अतः अखबार का अगला अंक (बुधवार)22 अक्टूबर को प्रकाशित होगा।

सभी संवाददाताओं, पाठकों, विज्ञापन दाताओं व शुभचिंतकों को दीवाली की शुभकामनाएं।

**-संपादक**

### पटना में बरसे अमित शाह

## बोले-घुसपैठियों को पाल-पोसकर वोटबैंक बनाने वालों को एसआईआर से दर्द होता है

**पटना,एजेंसी।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि घुसपैठियों को पाल-पोसकर वोट बैंक बनाने की कोशिश करने वालों को एसआईआर से दर्द होता है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी जो वोट चोरी का हल्ला मचा रहे हैं। वह जानते हैं कि मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) से घुसपैठियों को बाहर निकाला जाएगा, यही कारण है उनकी बौखलाहट का। शाह ने कहा, भाजपा इस बात का पुरजोर समर्थन करती है कि पूरे देश में एसआईआर लागू हो और चुन-चुनकर घुसपैठियों को मतदाता सूची से हटाया जाए।पटना में दो मीडिया समूहों के एक



आयोजन में शाह ने कहा कि भाजपा शासित असम में घुसपैठ रुक गई है, लेकिन पड़ोसी पश्चिम बंगाल में यह जारी है। क्योंकि वहां की सरकार अवैध प्रवासियों का लाल कालीन स्वागत कर रही है। देश में घुसपैठियों के लिए केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार पर दोष मढ़ने वाले विपक्ष के दावे पर शाह ने कहा, लुटियंस दिल्ली में बैठे लोगों को पता ही नहीं है कि सीमाएं कैसी हैं। बांग्लादेश से लगी सीमा पर घने जंगल और तेज नदियां हैं, जो मानसून के दौरान उफान पर होती हैं। बाड़ लगाना असंभव है, और चौबीसों घंटे निगरानी भी। सीमा पर तैनात सुरक्षाकर्मियों की नावें भी अक्सर बह जाती हैं।

उन्होंने कहा कि मेरा कहना यह है कि जब पड़ोसी देश का कोई व्यक्ति हमारे इलाके में घुसता है, तो क्या इसकी जानकारी स्थानीय पुलिस थाने और पटवारी को नहीं हो सकती? ये अधिकारी कदम क्यों नहीं उठाते? क्योंकि उन्हें ऊपर से आदेश मिला है कि इन घुसपैठियों का लाल कालीन बिछाकर स्वागत किया जाए। शाह ने कहा, गुजरात, राजस्थान, असम में घुसपैठ नहीं होती, क्योंकि वहां भाजपा सरकार है।

**क्या सिर्फ मुस्लिम होने की वजह से किसी घुसपैठिए को बख्श देना चाहिए** :शाह ने कहा कि घुसपैठ पर राजद और कांग्रेस ध्रुवीकरण की राजनीति कर रही है। क्या सिर्फ मुस्लिम होने की वजह से किसी घुसपैठिए को बख्श देना चाहिए? शाह बोल कि बांग्लादेश और पाकिस्तान से आए हुए हिन्दू, बौद्ध और सिख शरणार्थियों का इस देश में उतना ही अधिकार है जितना इस देश के लोगों का है।



# खाकी पर उठे सवालों का जवाब जरूरी है

## डीसी लाउंज प्रकरण में जमशेदपुर पश्चिमी के विधायक सरयू राय द्वारा उठाए गए मुद्दों पर

राष्ट्र संवाद डेस्क

जमशेदपुर में डीसी लाउंज प्रकरण ने जिस तरह से कानून व्यवस्था और पुलिस की भूमिका पर गंभीर प्रश्न खड़े किए हैं, वह चिंता का विषय है। विधायक सरयू राय ने पूर्वी सिंहभूम के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को भेजे पत्र में जो सवाल उठाए हैं, वे न केवल तर्कसंगत हैं बल्कि प्रशासनिक जवाबदेही की मांग भी करते हैं।

डीसी लाउंज के साकची और बिष्टुपुर दोनों प्रतिष्ठानों में हुई हिंसा और तोड़फोड़ के मामले में पुलिस की निष्पक्षता पर जनता का भरोसा तभी कायम रहेगा जब हर स्तर पर पारदर्शिता बरती जाएगी। राय द्वारा



उठाए गए सवाल – कि बिष्टुपुर थाना प्रभारी आधी रात को साकची क्षेत्र में क्यों पहुंचे, उन्होंने किनके निर्देश पर यह कार्रवाई की, और हमलावरों की मोटरसाइकिलें वापस क्यों दी गईं – यह सब ऐसे प्रश्न हैं जिनका उत्तर पुलिस को सार्वजनिक रूप से देना चाहिए।

यदि यह सच है कि बिष्टुपुर थाना के अधिकारी अपने अधिकार क्षेत्र




से बाहर जाकर न केवल घटनास्थल पर पहुंचे, बल्कि हमलावरों के पक्ष में व्यवहार किया, तो यह न केवल सेवा नियमों का उल्लंघन है, बल्कि कानून की आत्मा के खिलाफ भी है। खाकी का अर्थ सुरक्षा है – सत्ता या अपराधी तंत्र का संरक्षण नहीं।

सीसीटीवी फुटेज में जिस बर्बरता के दृश्य सामने आए हैं, वे यह दिखाते हैं कि घटना महज एक झगड़ा नहीं बल्कि सुनियोजित हिंसा थी। ऐसे में यदि जांच लीपापोती बनकर रह गई, तो इसका खामियाजा न केवल डीसी लाउंज प्रकरण में शामिल पक्षों को बल्कि पूरे शहर को भुगतना पड़ सकता है।

यह सवाल अब केवल एक प्रतिष्ठान या एक पुलिस अधिकारी तक सीमित नहीं हैं। यह सवाल हैं झ कि क्या हमारी व्यवस्था में कानून सबके लिए समान है? क्या वर्दी के पीछे की जवाबदेही खत्म हो चुकी है? क्या पुलिस अपने ही अधीनस्थों के विरुद्ध निष्पक्ष जांच कर पाएगी?

समय आ गया है कि जिला पुलिस प्रशासन इन सवालों को गंभीरता से ले, तथ्यों की बारीकी से जांच करे और दोषी पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित करे। लोकतंत्र में सवाल उठाना नागरिक का अधिकार है और जवाब देना शासन की जिम्मेदारी।

अगर पुलिस चाहती है कि जनता उस पर भरोसा करे, तो उसे पारदर्शिता और निष्पक्षता से अपने आचरण का प्रमाण देना होगा। क्योंकि जब खाकी पर सवाल उठते हैं, तो केवल एक अधिकारी नहीं, पूरा तंत्र कटघरे में आ जाता है।

# मानगो में पेयजलापूर्ति बाधित, सरयू राय ने ठेकेदार और अधिकारियों की लापरवाही को बताया कारण



**मानगो जलापूर्ति योजना से जुड़े अहम मुद्दे**

1. सेकंड फेज में बिछाई गई पाइपलाइन में कई त्रुटियां हैं। पूर्व में 4 इंच का पाइप एंड हुआ था, उसी लाइन से आगे अनेक ब्रांच लाइन बन गई हैं, जिससे पानी सही तरीके से सप्लाई नहीं हो पा रहा है। ऐसे इलाकों की सर्वे कर सुधार की आवश्यकता है।
2. सेकंड फेज का प्लांट अब तक नहीं बना। नियमानुसार इसे 2026 में पूरा होना चाहिए था। टंकी तो तैयार है, लेकिन प्लांट न होने के कारण पर्याप्त पानी नहीं पहुँच पा रहा। यदि सेकंड फेज का प्लांट समय पर बन जाता, तो यह समस्या नहीं उत्पन्न होती।

राष्ट्र संवाद संवाददाता

**जमशेदपुर।**दीपावली के समय मानगो के कुछ इलाकों में पेयजलापूर्ति बाधित हो गई। जमशेदपुर पश्चिमी के विधायक सरयू राय ने मौके पर जाकर पानी टंकी और वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का मुआयना किया। उन्होंने कहा कि पेयजलापूर्ति में बाधा ठेकेदार और परियोजना अधिकारियों की लापरवाही के कारण हुई है।

सरयू राय ने चेताया कि दीपावली-छठ के बाद वे कार्यपालक अभियंता के खिलाफ चार्जशीट देने और ठेकेदार को काली सूची में डालने की अनुशंसा करेंगे। उन्होंने बताया कि इंटेकवेल में लंबे समय से बालू जमा था, जिसे हटाने के बाद जल प्रवाह सामान्य हुआ।

वहीं, वाटर ट्रीटमेंट प्लांट में पानी टंकी तक पहुँचाने वाले कर्मचारी पक्षपात कर रहे हैं, जिससे कुछ क्षेत्रों में पानी की कमी बनी हुई है।

सरयू राय ने नगर निगम उप आयुक्त से जांच कराने और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

# राँचीः हिन्दपीढ़ी में 37.91 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ युवक गिरफ्तार, चार अन्य वांछित

राष्ट्र संवाद संवाददाता

**राँची।**हिन्दपीढ़ी थाना क्षेत्र के छोटा तालाब के पास पुलिस ने छापामारी कर मो० राजू (30 वर्ष) को गिरफ्तार किया। उसके कब्जे से 37.91 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद हुआ, जिसका बाजार मूल्य लगभग 7.5 लाख रुपये है।

पूछताछ में पता चला कि यह मादक पदार्थ बबन साह उर्फ मौसा जी और सूरज साह द्वारा लाकर मो० आकिब अख्तर और साहिल नवाज को दिया जा रहा था। छापामारी में शामिल टीम में पुलिस उपाधीक्षक प्रकाश सोय सहित कई अधिकारी और सशस्त्र बल शामिल थे।

गिरफ्तार अभियुक्त के साथ-साथ मो० आकिब, साहिल नवाज,




बबन साह और सूरज साह वांछित हैं। पुलिस ने मामले में हिन्दपीढ़ी थाना कांड सं. 76/25, धारा 20(b)(ii)/20(b)/21(b)एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई शुरू की है।

बरामद सामान में एक रेडमी मोबाइल भी शामिल है। गिरफ्तार युवक का आपराधिक इतिहास भी दर्ज है, जिसमें पहले ठाकुरगाँव और सुखदेवनगर थाना क्षेत्र के चोरी एवं आपराधिक मामलों में रिकॉर्ड है।

# दीपावली की खुशियां मातम में बदली, अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

राष्ट्र संवाद संवाददाता

**आक्रोशित ग्रामीणों ने मुआवजे के लिए किया सड़क जाम**

**एंबुलेंस नहीं मिलने से लोगों में नाराजगी,स्वास्थ्य विभाग पर लापरवाही का आरोप**

**चतराः** जिले के हंटरगंज प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत होसिल गांव के समीप सोमवार की सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत ने दीपावली की खुशियों को मातम में बदल दी । युवक अपने नानी घर प्रतापपुर कारूडीह गांव से अपने घर आ रहा था तभी जोरी की तरफ से जा रहे एक अज्ञात वाहन ने टक्कर मारी और कुचलते हुए फरार हो गया, युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों ने घायल युवक को आनन फानन में स्वास्थ्य केंद्र जोरी में भर्ती करवाया, जहां चिकित्सकों ने स्थिति नाजुक देखते हुए चतरा सदर अस्पताल रेफर कर दिया।108 एम्बुलेंस सुविधा नहीं होने के कारण परिजनों ने निजी वाहन से सदर अस्पताल भर्ती करवाया, जहां से चिकित्सकों ने स्थिति नाजुक देखते हुए। हजारीबाग शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर किया। इस



दौरान युवक ने बीच रास्ते में ही दम तोड दिया। जिसके बाद स्थानीय लोगों ने आक्रोश में आकर जोरी स्वास्थ्य केंद्र के समीप चतरा - डोभी मुख्य पथ को जाम कर दिया। मृतक युवक की पहचान वशिष्ठ नगर थाना क्षेत्र के धनगिरी सलैया गांव निवासी संतोष यादव के 19 वर्षीय पुत्र राकेश कुमार के रूप में हुई है, वह नानी घर प्रतापपुर नौकाडीह ननिहाल से अपना घर लौट रहा था। परिजनों के अनुसार युवक बाइक पर सवार होकर ननिहाल से घर लौट रहा था, होसिल मोड़ के समीप अचानक जोरी की ओर से जा रहे अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे और पुलिस को जानकारी दी, घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने शव को सड़क पर रखकर प्रदर्शन शुरू कर दिया। प्रदर्शनकारियों की मांग थी कि फरार वाहन और उसके चालक को शीघ्र गिरफ्तार किया जाए और पीड़ित परिवार को मुआवजा दिया जाए।

इस दौरान ग्रामीणों ने स्वास्थ्य विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाया है। प्रमुख प्रतिनिधि कमलेश यादव ने कहा 108 एंबुलेंस न होने के कारण एक युवक की जान चली गई। जिला प्रशासन से मांग है कि जल्द से जल्द एक एंबुलेंस मुहैया करवाया जाए जिससे घटना की पुनरावृति ना हो।सूचना मिलते ही वशिष्ठ नगर थाना प्रभारी अमित कुमार सिंह और हंटरगंज बीडीओ निखिल गौरव कमान कच्छप दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंची, और लोगों को समझा-बुझाकर यातायात सामान्य कराने का प्रयास की।पुलिस फरार वाहन की पहचान व गिरफ्तारी के लिए जांच जारी है,सीसीटीवी कैमरा खंगाला जा रहा है।

**हेलमेट पहना होता तो बच सकती थी युवक की जान**

हेलमेट पहना होता तो शायद उसकी जान बच सकती थी।परिजनों ने बताया कि राकेश के सिर में गंभीर चोट आई थी। पुलिस सूत्रों की मानें तो घटनास्थल पर पुलिस को भी कोई हेलमेट नहीं मिला है।

# नैशनल यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट ने भ्रामक वेबसाइटों और यूट्यूब चैनलों पर रोक की मांग की

राष्ट्र संवाद संवाददाता

**नई दिल्लीः**नैशनल यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट (इंडिया) के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं ईशान टाइम्स समूह (नई दिल्ली व चंडीगढ़) के संपादक/प्रकाशक संजय राय ने सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय को पत्र लिखकर भ्रामक वेबसाइटों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है।

श्री राय ने कहा कि कुछ वेबसाइटें बिना आरएनआई पंजीकरण के फर्जी अखबारों के नाम से संचालित हो रही हैं और ब्लैकमेलिंग व अधिकारियों की छवि धूमिल करने जैसे कार्यों में



लिप्त हैं। चुनाव के समय ये वेबसाइटें भ्रामक समाचारों के माध्यम से जनता को गुमराह करने की कोशिश करती हैं, जिससे पत्रकारिता की साख पर बुरा असर पड़ता है।

कुछ लोग यूट्यूब चैनल का नाम दे कर भ्रामक ऊटपटांग खबरों को चला कर सरकार ,किसी वर्ग विशेष,या व्यक्तियों को टारगेट कर बिना सबूतों झूठ अनर्गल पोस्ट को,वीडियो को वायरल करते हैं उस भी गहन नजर रखने की आवश्यकता है ।

उन्होंने मंत्रालय से ऐसे अवैध पोर्टलों की जांच कर कानूनी कार्रवाई की मांग की है। श्री राय ने कहा कि 2015 में भी इसी तरह की प्रवृत्तियों का विरोध यूनियन ने किया था और तब सकारात्मक परिणाम सामने आए थे। उन्होंने बताया कि छठ पूजा के बाद इस विषय पर जंतर मंतर पर चरणबद्ध आंदोलन की रूपरेखा तैयार की जा रही है।

# नारायणपुर में पर्यावरण संरक्षण की पहल : आईआरबी वन झिलुवा में 50 आम के पौधे रोपे गए

राष्ट्र संवाद सं

**जामताड़ाः** नारायणपुर आईआरबी वन झिलुवा परिसर में रविवार को एक विशेष वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का नेतृत्व जिले के पुलिस अधीक्षक राजकुमार मेहता ने किया। कार्यक्रम के दौरान डीएसपी विश्वनाथ सिंह और डीएसपी प्रमोद सिंह सहित पुलिस बल के अन्य अधिकारी व जवान मौजूद रहे।

कार्यक्रम के तहत परिसर में 50 आम के पौधों का रोपण किया गया। एसपी राजकुमार मेहता ने



इस अवसर पर कहा कि वृक्षारोपण न केवल पर्यावरण संरक्षण का माध्यम है, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण देने की जिम्मेदारी भी है। उन्होंने जवानों को प्रतिदिन पौधों की देखभाल करने और अधिक से अधिक वृक्ष लगाने का संकल्प दिलाया।

डीएसपी विश्वनाथ सिंह और प्रमोद सिंह ने भी इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसी गतिविधियाँ समाज में हरित क्रांति को बढ़ावा देती हैं। कार्यक्रम के अंत में अधिकारियों ने पौधों की रक्षा हेतु सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। गौरतलब है यह पहल जिले में पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक प्रेरणादायक कदम साबित होगी।

# सलगाडीह फुटबॉल मैदान में तीन दिवसीय फुटबॉल टूनार्मेंट का आयोजन, हरिमोहन मिश्रा बने मुख्य अतिथि

राष्ट्र संवाद सं

नारायणपुर प्रखंड के सलगाडीह फुटबॉल मैदान में बी. आर. एच. क्लब सबनपुर की ओर से तीन दिवसीय फुटबॉल टूनार्मेंट का भव्य आयोजन किया गया है। टूनार्मेंट में कुल 16 टीमों ने हिस्सा लिया है, जिसमें आज प्रतियोगिता का दूसरा दिन खेला गया। टूनार्मेंट के आयोजन का उद्देश्य ग्रामीण युवाओं में खेल भावना को बढ़ावा देना और प्रतिभाओं को मंच प्रदान करना है। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि भाजपा नेता हरिमोहन मिश्रा शामिल हुए। क्लब के अध्यक्ष रमेश हांसदा, सचिव सुभाष बास्की, कोषाध्यक्ष छोटू



हांसदा सहित अन्य सदस्यों ने भाजपा नेता हरिमोहन मिश्रा का पारंपरिक रीति-रिवाजों और माल्यार्पण के साथ स्वागत और अभिनंदन किया गया। वही मुख्य अतिथि हरिमोहन मिश्रा ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है, जरूरत है तो उन्हें उचित दिशा और मंच देने की। उन्होंने कहा कि खेल से ना केवल शारीरिक विकास होता है बल्कि अनुशासन, टीम वर्क और आत्मविश्वास भी बढ़ता है। मिश्रा ने आयोजन समिति को धन्यवाद देते हुए कहा कि इस प्रकार के टूनार्मेंट युवाओं को नशा, हिंसा और बेरोजगारी जैसे सामाजिक बुराइयों से दूर रखते हैं। क्लब के अध्यक्ष रमेश हांसदा ने हरिमोहन मिश्रा को धन्यवाद देते हुए बताया कि टूनार्मेंट का फाइनल मुकाबला तीसरे दिन सोमवार को खेला जाएगा और विजेता एवं उपविजेता टीम को ट्रॉफी दे कर सम्मानित किया जाएगा।आयोजन के दौरान क्षेत्रीय दर्शकों की भारी भीड़ उमड़ी और सभी ने रोमांचक मुकाबलों का भरपूर आनंद लिया। मौके पर जिला फुटबॉल संघ के टिम मैनेजर गणेश किस्कू,ग्रामप्रधान सुनील हांसदा, चांद हांसदा, सुरेंद्र हांसदा, रंजीत हांसदा, अजय हेंब्रम,मुकेश किस्कू,सुधीर मुर्मू, उमेश किस्कू सहित बी. आर. एच. क्लब के अन्य सदस्य उपस्थित थे।

# आजसू का बूथ स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन संपन्न

राष्ट्र संवाद संवाददाता

घाटशिला। आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व उपमुख्यमंत्री सुदेश महतो ने कहा है कि घाटशिला की जनता बदलाव चाहती है और ठगबंधन की सरकार से मुक्ति चाहती है। उन्होंने घाटशिला टाउन हॉल में आजसू के विधानसभा स्तरीय बूथ सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि एनडीए प्रत्याशी बाबूलाल सोरेन की जीत सुनिश्चित है। सम्मेलन में प्रत्याशी बाबूलाल सोरेन भी उपस्थित थे।

श्री महतो ने कहा कि हेमंत सरकार ने विगत 6 वर्षों में बालूझकोयला की लूट और भ्रष्टाचार को प्रश्रय दिया है, जिससे जनता ठगा महसूस कर रही है। उन्होंने कहा कि झारखंड की जनता को सवाल पूछने का भी अधिकार नहीं क्योंकि यहां लोकतंत्र नहीं राजतंत्र चल रहा है। इस कारण सूचना आयोग को निष्क्रिय कर दिया गया है। श्री महतो ने कहा कि इस उपचुनाव में जनता वोट के माध्यम से हेमंत सरकार को जवाब देगी। उन्होंने कहा कि राज्य विकास में पीछे छूट गया है।

यह सामाजिक समरसता को खराब करने वाली सरकार है। श्री महतो ने कहा कि एनडीए जीतेगा तो राज्य में अवैध वसूली बंद होगी।

एनडीए प्रत्याशी बाबूलाल सोरेन ने कहा कि आजसू की झारखंड निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका है।

## सार-संक्षेप

### बोकारोः बालीडीह में मारपीट के दो मामले, चार आरोपी गिरफ्तार

राष्ट्र संवाद संवाददाता

बोकारो जिले के बालीडीह थाना क्षेत्र में 18 और 19 अक्टूबर को दो अलग-अलग मारपीट मामलों में पुलिस ने कार्रवाई की।

पहले मामले में, आजाद अंसारी ने बताया कि उनके घर में घुसकर शेर मोहम्मद अंसारी और उसके परिवार ने उनकी बेटी के साथ मारपीट की और घर में तोड़फोड़ की। इस पर बालीडीह थाना कांड सं. 304/25 दर्ज कर शेर मोहम्मद अंसारी और अमित अंसारी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया।

दूसरे मामले में, बिनोद कुमार ने आवेदन दिया कि वे घर लौट रहे थे, तभी शिवशंकर उर्फ छोटू, अंकित उर्फ चिक्कू और अवधेश कुमार ने उन्हें रास्ते में लाठी-डंडों से मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। इस पर बालीडीह थाना कांड सं. 307/25 दर्ज कर सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया।

दोनों मामलों में पुलिस ने छापामारी दल की मदद से कार्रवाई की।

### बिहार चुनाव में झामुमो नाराज, झारखंड में महागठबंधन की स्थिरता पर सवाल

राष्ट्र संवाद संवाददाता

**राँची।**बिहार विधानसभा चुनाव में झामुमो को सीटों की हिस्सेदारी न मिलने से पार्टी नाराज है। झामुमो महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने राजद पर राजनीतिक धोखाधड़ी का आरोप लगाते हुए बिहार की छह विधानसभा सीटों पर अकेले चुनाव लड़ने का ऐलान किया। उन्होंने कहा कि चुनाव के बाद झारखंड में महागठबंधन की समीक्षा की जाएगी।

झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता मनोज पांडेय ने कहा कि राजद को झारखंड में सम्मान दिया गया, उनके चार एमएलए झामुमो के स्टार प्रचारकों की वजह से हैं, लेकिन अब रिश्तों में खटास और गांठ आ गई है।

वहीं, राजद के प्रवक्ता कैलाश यादव ने कहा कि झारखंड में सरकार सहयोग से चल रही है और झामुमो को झारखंड में राजद पर धोखा देने का आरोप नहीं लगाना चाहिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि गठबंधन की स्थिरता बनाए रखना जरूरी है।

राजनीतिक विश्लेषकों का कहना है कि बिहार चुनाव के फैसले झारखंड में महागठबंधन के समीकरणों पर असर डाल सकते हैं।

### पुलिया नहीं तो वोट नहीं— घाटशिला उपचुनाव से पहले बनकाई में ग्रामीणों का फूटा गुस्सा



राष्ट्र संवाद संवाददाता

**जमशेदपुर/मुसाबनीः** घाटशिला विधानसभा उपचुनाव से पहले मुसाबनी प्रखंड के बनकाई गांव में रविवार को ग्रामीणों का आक्रोश खुलकर सामने आया। ग्रामीणों ने अधूरी सड़क और पुलिया निर्माण को लेकर जोरदार प्रदर्शन किया और नारे लगाए – ह्लपुलिया नहीं तो वोट नहीं।ह्व

ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई, तो वे आगामी चुनावों का बहिष्कार करेंगे। उनका कहना है कि दीगड़ी मोड़ से बनकाई होते हुए कोतोपातक तक करीब 10 किलोमीटर लंबी सड़क का निर्माण ग्रामीण कार्य विभाग, जमशेदपुर के माध्यम से कराया जा रहा है। इस मार्ग पर 4 से 5 बड़े पुलिया बनना जरूरी है, क्योंकि बरसात के दौरान जलजमाव से आसपास के दर्जनों गांवों का संपर्क कट जाता है।

सूत्रों के अनुसार, ग्रामीण कार्य विभाग के तत्कालीन कार्यपालक अभियंता राजेश रजक ने लगभग छह माह पहले चार बड़े पुलों और पहाड़ी क्षेत्र में पीसीसी निर्माण का पुनरीक्षित प्राक्कलन अधीक्षण अभियंता, चाईबासा के माध्यम से मुख्य अभियंता, रांची को भेजा था। वहीं, वर्तमान कार्यपालक अभियंता नीरज मिश्रा ने भी एक माह पूर्व सड़क का निरीक्षण कर ग्रामीणों को पुल निर्माण का आश्वासन दिया था।

हालांकि अब तक मुख्य अभियंता, रांची द्वारा इस पुनरीक्षित प्राक्कलन को स्वीकृति नहीं मिली है। ग्रामीणों का आरोप है कि विभागीय लापरवाही और देरी के कारण सड़क निर्माण अधूरा पड़ा है, जिससे उन्हें बरसात में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।

ग्रामीणों ने कहा कि झारखंड राज्य के ग्रामीण कार्य विभाग के अन्य प्रमंडलों के अधिकांश प्राक्कलन स्वीकृत किए जा चुके हैं, पर बनकाई मार्ग से जुड़ा प्रस्ताव अब भी लंबित है। उन्होंने सवाल उठाया कि छह महीने बीत जाने के बाद भी फाइल पर निर्णय न लेना मुख्य अभियंता कार्यालय की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े करता है।

स्थानीय ग्रामीण बुधन सिंह बानरा और स्थानीय महिला आरती देवगम ने कहा कि अगर विभाग ने जल्द पहल नहीं की, तो ग्रामीण सड़क निर्माण कार्य का विरोध तेज करेंगे और आगामी चुनाव में मतदान से दूर रहेंगे।

### चौथे जिला कराटे चैंपियनशिप प्रतियोगिता का हुआ आयोजन, सम्मानित हुए प्रतिभागी

**बरवाडीह(लातेहार)ः** रविवार को प्रखंड मुख्यालय स्थित उत्तम मैरिज हॉल में स्पोर्ट्स कराटे एसोसिएशन ऑफ झारखंड और झारखंड ओलंपिक एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में चौथी लातेहार जिला कराटे चैंपियनशिप का भव्य आयोजन किया गया।चैंपियनशिप में जिले के विभिन्न प्रखंडों से आए जूनियर, सीनियर, बालक एवं बालिका वर्ग के खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागी – रिया कुमारी, आरुष कुमार, आदर्श कुमार, अमन कुमार, पुनिता कुमारी, रेखा कुमारी, उत्कर्ष कुमार, रविकांत कोरवा,मौजूद थे।

आवश्यकता है

राष्ट्र संवाद मासिक, वेब पोर्टल, साप्ताहिक और दैनिक अखबार के लिए झारखंड-बिहार में हर जिले के लिए पत्रकार की जरूरत है। इसके अलावा पत्रकारिता का शौक रखने वाले चाहे वह अन्य किसी भी राज्य से हो, संपर्क या ईमेल कर सकते हैं।

VACANT

:: संपर्क ::

9431977839

9102339999

ईमेल : rashtrasamvadgroud@gmail.com

# लौहपुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती पर यूनिटी मार्च का होगा आयोजन

राष्ट्र संवाद संवाददाता

### जमशेदपुर के सांसद विद्युत महतो ने प्रेस वार्ता में दी जानकारी, कहा- एक भारत-श्रेष्ठ भारत की भावना को मिलेगी मजबूती

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर के सांसद विद्युत वरण महतो ने रविवार को बिस्टुपुर स्थित सांसद कार्यालय में प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, माय भारत (ट ईं१३) के माध्यम से विकसित भारत पदयात्राएँ आयोजित कर रहा है। जिसका उद्देश्य युवाओं में राष्ट्रीय गौरव की भावना जगाना, समाज के प्रति जिम्मेदारी बढ़ाना और देश की एकता को और मजबूत बनाना है। यह पहल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ह्लजन भागीदारी से राष्ट्र निर्माणह्व के विजन से प्रेरित है।

प्रेस वार्ता के दौरान भाजपा जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा, जिला उपाध्यक्ष सह अभियान के जिला संयोजक संजीव सिन्हा, सह संयोजक अमरजीत सिंह राजा एवं कृष्णकांत राय मौजूद रहे।

प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए सांसद विद्युत महतो ने बताया कि इस अभियान के तहत जिला स्तरीय पदयात्राएँ आयोजित होंगी जिसमें जमशेदपुर संसदीय क्षेत्र में 3 दिन 8-10 किमी की पदयात्रा होगी। पदयात्रा से पूर्व स्कूल-कॉलेजों में निबंध, वाद-विवाद, संगोष्ठी और नुक्कड़ नाटक जैसे कार्यक्रम होंगे। इसमें युवाओं के बीच नशामुक्त भारत शपथ, स्वदेशी मेला और ह्लगर्व से स्वदेशीह्व संकल्प दिलवाया जाएगा। साथ ही, योग शिविर, हेल्थ कैंप और स्वच्छता अभियान भी आयोजित होंगे। पदयात्रा के दौरान सरदार पटेल की प्रतिमा पर श्रद्धांजलि, आत्मनिर्भर भारत शपथ, सांस्कृतिक कार्यक्रम और प्रमाणपत्र वितरण किया जाएगा।



उन्होंने बताया कि अभियान में 6 अक्टूबर 2025 को मंत्रालय द्वारा ह्लसरदार@150 यूनिटी मार्चह्व की शुरूआत की गई है, जो लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती को समर्पित है। जिस तरह सरदार वल्लभ भाई पटेल ने बिखरे हुए भारत को एक सूत्र में पिरोया था, उसी भावना को यह पदयात्रा आगे बढ़ाएगी। सांसद विद्युत महतो ने बताया कि इस अभियान के तहत युवाओं को ह्लएक भारत, आत्मनिर्भर भारतह्व के संकल्प से जोड़ने का आह्वान किया गया है। माय भारत के डिजिटल चरण की शुरूआत केंद्रीय मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने की है, जिसमें सोशल मीडिया रील प्रतियोगिता, निबंध लेखन और सरदार@150 यंग लीडर प्रोग्राम शामिल है। इस कार्यक्रम के 150 विजेताओं को राष्ट्रीय पदयात्रा में शामिल होने का अवसर मिलेगा।

अभियान के प्रमुख चरणों की जानकारी देते हुए सांसद विद्युत महतो ने कहा की राष्ट्रीय पदयात्रा (26 नवंबर से 6 दिसंबर 2025) में 152 किमी लंबी यात्रा करमसद (पटेल जी का जन्मस्थान) से स्टैच्यू ऑफ यूनिटी, केवड़िया तक निकाली जाएगी। रास्ते के गाँवों में सामाजिक विकास कार्यक्रम, प्रदर्शनी, सांस्कृतिक आयोजन और हर शाम ह्लसरदार गाथाह्व के माध्यम से सरदार पटेल के जीवन से प्रेरणा लेने का अवसर मिलेगा।

सांसद श्री महतो ने लौहनगरी जमशेदपुर के युवाओं से आह्वान किया कि वे इस ऐतिहासिक पहल का हिस्सा बनें और सक्रिय भागीदारी के माध्यम से राष्ट्र निर्माण की इस यात्रा में योगदान दें। उन्होंने बताया कि सभी पंजीकरण MY Bharat पोर्टल (https://mybharat.gov.in/pages/unity_march) पर किए जा रहे हैं।

सांसद विद्युत महतो ने कहा कि सरदार पटेल ने जिस एकता की नींव रखी थी, उसी को आज की युवा पीढ़ी को आगे बढ़ाना है। विकसित भारत के निर्माण में युवाओं की भूमिका निर्णायक है, यह पदयात्रा इसी दिशा में एक प्रयास है।

# छठ महापर्व की तैयारी को लेकर विधायक पूर्णिमा साहू ने बमामाईंस क्षेत्र के कृत्रिम छठ घाटों का किया निरीक्षण

राष्ट्र संवाद संवाददाता

### श्रद्धालुओं की सुविधा को बताया सर्वोपरि, अधिकारियों को समय पर समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के दिए निर्देश

**जमशेदपुर।** लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा को लेकर रविवार को जमशेदपुर पूर्वी की विधायक पूर्णिमा साहू ने विधानसभा क्षेत्र के बमामाईंस अंतर्गत विभिन्न कृत्रिम छठ घाटों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने स्थानीय जनता और छठ पूजा समितियों के सदस्यों से मुलाकात कर तैयारियों की जानकारी ली और घाटों पर हो रही समस्याओं से अवगत हुईं।



विधायक पूर्णिमा साहू ने कहा कि छठ पूजा में व्रतियों और श्रद्धालुओं की सुविधा सर्वोच्च प्राथमिकता है। वहीं, उन्होंने छठ पूजा में किसी भी श्रद्धालु को असुविधा का सामना न करना पड़े, इसके लिए संबंधित विभागीय पदाधिकारियों से फोन पर वार्ता कर आवश्यक निर्देश भी दिए। इस दौरान उन्होंने साफ-सफाई, टैंकर से समय पर जल आपूर्ति, पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था, सुरक्षा प्रबंध और व्रती महिलाओं के लिए चेंजिंग रूम जैसी सुविधाओं को समय से बहाल करने की बात कही। उन्होंने कहा कि पूर्वी विधानसभा के विभिन्न कृत्रिम छठ घाटों पर समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने को लेकर वे लगातार प्रयासरत हैं, उन्होंने विश्वास जताया कि श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु सभी घाटों पर आवश्यक व्यवस्था समय पर पूर्ण कर ली जाएगी।

निरीक्षण के दौरान विधायक प्रतिनिधि गुंजन यादव, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष रामबाबू तिवारी, भाजपा बमामाईंस मंडल के अध्यक्ष सूरज सिंह, ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष सागर राय, रितेश झा, सत्येंद्र रजक समेत अनेक कार्यकर्ता एवं स्थानीय नागरिक मौजूद रहे।

# सोने-चांदी की ऊंची कीमतों का असर नहीं! धनतेरस पर अंधाधुंध खरीदारी, 65,000 करोड़ के व्यापार का अनुमान



राष्ट्र संवाद संवाददाता

**जमशेदपुर**ःधनतेरस के शुभ अवसर पर आज देशभर के बाजारों में रौनक चरम पर रही। सोने-चांदी की ऊंची कीमतों के बावजूद ग्राहकों में खरीदारी को लेकर जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। देशभर में लगभग 65,000 करोड़ के व्यापार का अनुमान लगाया जा रहा है।जमशेदपुर में सुबह से ही ज्वेलरी स्टोर्स पर भारी भीड़ उमड़ी। ग्राहकों ने बताया कि वे निवेश के साथ-साथ शगुन के रूप में भी सोना-चांदी खरीद रहे हैं ताकि पूरे वर्ष घर और व्यवसाय में सुख-समृद्धि बनी रहे।

**जमशेदपुर में धूम**

शहर के बाजारों में आज सोने का दाम 1.35 लाख से घटकर 1.31 लाख प्रति 10 ग्राम पर आ गया, वहीं चांदी 1.95 लाख से घटकर 1.65 लाख प्रति किलो हो गई। कीमतों में इस गिरावट का फायदा उठाने के लिए दुकानों पर दिनभर ग्राहकों की भीड़ लगी रही।

# अस्तित्व नें मनाया स्लम बस्ती के बच्चों संग दिवाली

राष्ट्र संवाद संवाददाता

दिवाली की पूर्व संध्या पर सामाजिक संस्था अस्तित्व की तरफ से बर्मा माइंस थाना के पीछे स्थित स्लम बस्ती में जरूरतमंद बच्चों के बिच अनेक तरह के पटाखे मिठाई खिल बतासे दिया मोमबत्ती आदि का वितरण करके दिवाली मनाई  दिवाली के शुभ अवसर पर पटाखे दिए एवं मिठाईयां पाकर बच्चों के चेहरे खिल गए




अस्तित्व की अध्यक्ष मीरा तिवारी ने बताया कि वह हर वर्ष अलग-अलग क्षेत्र में जरूरतमंदों को उनकी जरूरत की सामान उपलब्ध कराती हैं जिससे उन्हें काफी खुशी मिलती है साथ ही बस्ती एरिया में बच्चों के बिच खुशियाँ मना कर उनके चेहरे की खुशी देखकर मन को बहुत संतुष्टि मिलती हैं यह कार्यक्रम जिला अध्यक्ष अन्नू चौबे के नेतृत्व में किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में अस्तित्व के सदस्यों का सहयोग सराहनीय रहा !मुख्य रूप से श्री गंगाधर पांडे, श्रीमती ममता चौबे श्रीमती रेखा सिंह श्रीमती राधिका सिंह एवं श्रीमति मो आचार्या ने अपना भरपूर सहयोग दिया। अस्तित्व एक सामाजिक संस्था है जो समाज के हित के लिए कार्य करती है।

# विधायक मंगल कालिंदी ने छोटा गोविंदपुर में पंडाल का किया उद्घाटन

राष्ट्र संवाद संवाददाता

**जमशेदपुर।** नवयुवक काली पूजा समिति, छोटागोविंदपुर के स्वर्ण जयंती वर्ष के अवसर पर भव्य पंडाल का उद्घाटन किया गया। मुख्य अतिथि विधायक मंगल कालिंदी,सम्मानित अतिथि पूर्व विधायक अरविंद सिंह, शंभु नाथ सिंह, शिवशंकर सिंह, राजकुमार सिंह, पंकज सिन्हा, डॉपरितोष सिंह सहित गणमान्य जन की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ ।

इस अवसर पर विधायक मंगल कालिंदी ने कहा की नवयुवक काली पूजा समिति द्वारा विगत 50 वर्षों से लगातार भव्य पूजा का आयोजन कर रहा है इसके लिए समिति के सभी सदस्यों को बधाई, माँ काली सभी के घर सुख समृद्धि लाए ।



कार्यक्रम का स्वागत भाषण अध्यक्ष शंभु सिंह एवं धन्यवाद ज्ञापन सैलेंद्र सिंह ने किया संचालन रमेश अग्निहोत्री ने किया इस अवसर पर आशीष राय,विजय यादव, शंभु चौधरी, अशोक सिंह,राम नवमी सिंह,श्याम किशोर सिंह,राधे श्याम सिंह, रिंकू मुखिया,मृत्युंजय सिंह सहित अन्य गणमान्य जन उपस्थित थे।

# संभव संस्था ने ओल्ड एज होम के बुजुर्गों के साथ मनाई दीपावली, किया मिठाई एवं गर्म कपड़ों का वितरण

राष्ट्र संवाद संवाददाता

**जमशेदपुरः** दीपावली के पावन अवसर पर संभव संस्था द्वारा बाराद्वारी स्थित आशीर्वाद ओल्ड एज होम में बुजुर्गों के बीच हर्षोल्लास के साथ दीपावली का त्यौहार मनाया गया। इस दौरान संस्था के सदस्यों ने बुजुर्गों के साथ मिलकर दीप एवं फुलझड़ी जलाए, मिठाइयाँ बाँटीं और उनके चेहरे पर मुस्कान लाने का प्रयास किया।



कार्यक्रम के तहत संस्था द्वारा मिठाई और पटाखों का वितरण किया गया। साथ ही ठंड का मौसम प्रारंभ होने के मद्देनजर बुजुर्गों को गर्म कपड़े भी प्रदान किए गए, जिससे वे ठंड से सुरक्षित रह सकें।

संस्था के मुख्य संरक्षक श्री भरत सिंह ने कहा कि ह्लबुजुर्ग हमारे समाज की अमूल्य धरोहर हैं उनके साथ समय बिताना और उनके चेहरे पर खुशी लाना ही असली दीपावली है हमारे इस कार्यक्रम का असली उद्देश्य यही है।ह्लसंस्था की अध्यक्ष श्रीमती सारिका सिंह ने भी ह्लसंभव संस्था हमेशा समाज के हर वर्ग तक खुशियाँ पहुँचाने का प्रयास करती है। दीपावली प्रेम और अपनापन बाँटने का त्योहार है, और बुजुर्गों के साथ यह उत्सव मनाकर हमें अपार संतोष मिलता है।ह्लह्ल

इस अवसर पर संस्था के मुख्य संरक्षक भरत सिंह, अध्यक्ष सारिका सिंह, उपाध्यक्ष अंजुला सिंह, सुचित्रा रुंगटा, राजेश सिंह, रश्मि राज, रीपा दत्ता सहित सभी सदस्यों ने दीपों की रोशनी और बुजुर्गों की मुस्कुराहट से इस दीपावली को और भी यादगार बना दिया।

# तुलसी भवन एवं सेवा भारती ने बच्चों संग दीपोत्सव मनाया



राष्ट्र संवाद संवाददाता

दीपावली के शुभअवसर पर नगर के पिछड़ी बस्तियों के बच्चों संग दीपोत्सव मनाया गया। इस अवसर पर सेवा भारती जमशेदपुर के पदाधिकारियों के संग सिंहभूम जिला हिन्दी साहित्य सम्मेलन/तुलसी भवन के विद्वान साहित्यकारों ने अपनी देशभक्ति, रामभक्ति विषयक रचनाओं को प्रस्तुत किया। बच्चों ने भी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। दीपोत्सव समारोह अंतर्गत सुधिजनो द्वारा बच्चों को पटाखे, दिया, मिठाइयाँ वितरण ने बच्चों के चेहरे पर हंसी खुशी का संचार किया।सर्वश्री आर के सिंह, प्रकाश मेहता, डॉ यमुना तिवारी व्यथित, कैलाश शर्मा गाजीपुरी, मनीष सिंह वंदन, संजय मिश्रा, राकेश कुमार सोनू गिरी राजेश कुमार साहू की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

# गोलमुरी जॉगर्स पार्क में नवयुवक चेतना मंच की भव्य काली पूजा का उद्घाटन, काल्पनिक गुफा थीम में सजा पंडाल आकर्षण का केंद्र

राष्ट्र संवाद संवाददाता

नवयुवक चेतना मंच द्वारा आयोजित भव्य काली पूजा पंडाल का उद्घाटन रविवार देर शाम को विधिवत संपन्न हुआ। उद्घाटन विधायक पूर्णिमा दास साहू, समाजसेवी शिवशंकर सिंह, पूर्व डीएसपी कमल किशोर, भाजपा नेता बबुआ सिंह, चिंटू सिंह, आजसू जिलाध्यक्ष कन्हैया सिंह, बलबीर मंडल, अधिवक्ता पवन तिवारी, नकुल तिवारी समेत वृद्धाश्रम की मातृशक्तियों द्वारा संयुक्त रूप से किया गया।

इस अवसर पर मंच के संस्थापक मंटू तिवारी, अप्पू तिवारी, पप्पू कुमार, ऋषभ सिंह, जे.पी. सिंह,



पप्पू उपाध्याय, मुन्ना चौबे, श्रीनिवास तिवारी, ऋतिक चौबे, विशु सिंह, राजेश ओझा, अशोक राय, सहित समिति के अन्य सदस्य मौजूद रहे।

पूजा पंडाल को इस बार काल्पनिक गुफा की आकृति में तैयार किया गया है, जिसमें अलादीन का चिराग, कंकाल, भूत और भव्य विद्युत सज्जा विशेष आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। विधायक पूर्णिमा दास साहू ने कहा कि नवयुवक चेतना मंच ने हर वर्ष की तरह इस बार भी भव्यता और सामाजिक एकता का अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत किया है।

ऐसे आयोजन समाज में सकारात्मक ऊर्जा और मातृभक्ति का संचार करते हैं।समिति सदस्य अप्पू तिवारी ने बताया कि 22 अक्टूबर की दोपहर से महाप्रसाद का आयोजन होगा, जिसमें 3 हजार से अधिक श्रद्धालु प्रसाद ग्रहण करेंगे।

## सार-संक्षेप

### पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने किया टेल्को में काली पूजा पंडाल का उद्घाटन



राष्ट्र संवाद संवाददाता

**जमशेदपुर**।टेल्को स्थित श्री श्री श्यामा काली पूजा कमिटी द्वारा आयोजित भव्य काली पूजा पंडाल का उद्घाटन आज पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने किया। इस अवसर पर उन्होंने मां काली से राज्य और देश की शांति, समृद्धि एवं कल्याण की कामना की।

उद्घाटन समारोह में बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं स्थानीय नागरिक मौजूद रहे। अर्जुन मुंडा ने सभी को काली पूजा की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं और कहा कि इस तरह के धार्मिक आयोजन समाज में एकता और सद्भाव का संदेश देते हैं।

### अधिवक्ताओं ने समाज में अंधकार से प्रकाश लाने का काम किया है: राजेश शुक्ल



राष्ट्र संवाद संवाददाता

**चाईबासा।** झारखंड स्टेट बार काउंसिल के वाइस चेयरमैन एवं वरिष्ठ अधिवक्ता राजेश कुमार शुक्ल ने कहा कि अधिवक्ताओं ने समाज में कानूनी जागरूकता फैलाकर अंधकार से प्रकाश की दिशा में लोगों को अग्रसर किया है। दीपावली की शुभकामनाएं देते हुए उन्होंने कहा कि यह पर्व नकारात्मकता से सकारात्मकता की ओर बढ़ने की प्रेरणा देता है।

इस अवसर पर अधिवक्ताओं ने श्री शुक्ल को सम्मानित किया। कार्यक्रम में झारखंड स्टेट बार काउंसिल के सदस्य अनिल कुमार महतो, जिला बार अध्यक्ष रामेश्वर प्रसाद सहित कोल्हान के विभिन्न बार एसोसिएशनों के पदाधिकारी उपस्थित थे।

### श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर परिसर में 5100 दीप प्रज्ज्वलित



राष्ट्र संवाद संवाददाता

**जमशेदपुर।** श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर परिसर में रविवार की संध्या एक साथ 5100 दीप प्रज्ज्वलित किये गये। छोटी दीपावली के शुभ अवसर पर आयोजित इस कार्यक्रम में स्थानीय लोगों की प्रमुख हिस्सेदारी रही। दीप प्रज्ज्वलन का कार्यक्रम जमशेदपुर पश्चिमी के विधायक सरयू राय के कर-कमलों से हुआ। इस अवसर पर मंदिर को आकर्षक रुप दिया गया गया था। नीली, पीली, हरी और लाल बिजली के झालरों से मंदिर की शोभा देखते ही बनती थी।

इस अवसर पर वरीय समाजसेवी शिव शंकर सिंह, सुबोध श्रीवास्तव, साकेत गौतम, असीम पाठक, अमृता मिश्रा, विकास सिंह, अजय कुमार, राजीव चौधरी, वाईपी सिंह, बंटी सिंह, पीयूष, हनी परिहार, रामस्वरूप जी, सुबोध कुमार एवं अन्य मौजूद रहे।

### साकची महालक्ष्मी मंदिर में अयोध्या की तर्ज पर भव्य दीपोत्सव का आयोजन



राष्ट्र संवाद संवाददाता

**जमशेदपुर** साकची महालक्ष्मी मंदिर में अयोध्या की तर्ज पर भव्य दीपोत्सव का आयोजन किया गया। इस आयोजन ने पूरे शहर में धार्मिक आस्था और उत्सव की भावना को प्रज्वलित कर दिया।

रविवार की शाम साकची स्थित श्री श्री महालक्ष्मी मंदिर परिसर को दीपों की रोशनी से जगमग कर दिया गया। मंदिर समिति द्वारा इस वर्ष विशेष रूप से अयोध्या दीपोत्सव की तर्ज पर इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। इस दौरान करीब 2500 दीये जलाए गए, जिससे पूरा मंदिर परिसर दिव्य प्रकाश से नहाया हुआ दिखाई दिया। सैकड़ों श्रद्धालु अपने परिवारों के साथ दीप प्रज्वलन में शामिल हुए। मंदिर परिसर में ह्लजय माता दीह्व और ह्लमहालक्ष्मी माता की जयह्व के जयकारों से वातावरण गुंजायमान हो उठा।

### दीपावली की पूर्व संध्या पर पूर्वी सिंहभूम में शहीद सम्मान समारोह, सात शहीद परिवारों को किया गया सम्मानित

राष्ट्र संवाद संवाददाता

**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिला प्रशासन द्वारा जिला मुख्यालय सभागार में शहीद सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।



दीपावली से एक दिन पूर्व आयोजित इस कार्यक्रम में जिले के सात शहीद परिवारों को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम के दौरान प्रशासनिक अधिकारियों ने शहीदों के परिजनों को गुलदस्ता भेंट कर एवं शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। इस अवसर पर अधिकारियों ने कहा कि शहीदों का बलिदान राष्ट्र की अमूल्य धरोहर है, जिसे कभी भुलाया नहीं जा सकता।

उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने कहा कि शहीदों के परिजन समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं और प्रशासन सदैव उनके सम्मान के लिए तत्पर रहेगा।

# 30 पुड़िया ब्राउन शुगर के साथ रंगे हाथ पकड़ाया सप्लायर, भेजा गया जेल

राष्ट्र संवाद संवाददाता

**पोटका।** कवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत नागा पुलिया के पास स्थानीय पुलिस ने ब्राउन शुगर बिक्री करते रंगे हाथ एक युवक को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार युवक के पास से लगभग एक लाख रुपया का 30 पुड़िया 5.07 ग्राम ब्राउन शुगर पकड़ाया। जानकारी के अनुसार वरीय पुलिस अधीक्षक को गुप्त सूचना मिली कि कवाली थाना क्षेत्र के नागा पुलिया के पास एक युवक ब्राउन शुगर का कारोबार करता है। एस एस पी के निर्देश पर डीएसपी मुसाबनी संदीप भगत के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। टीम के द्वारा लगभग 12 बजे नागा पुलिया के पास छापा मारा गया तो



एक युवक पुलिस को देखकर भागने लगा। पुलिस ने दौड़कर उसे पकड़ लिया। पूछ ताछ में वह अपना नाम मोहसिन नदीम हल्दीपोखर पश्चिमी निवासी बताया। तलाशी लेने पर उसके जींस पॉकेट से 30 पुड़िया ब्राउन शुगर जिसका कीमत( लगभग एक लाख) रुपया पाया गया। उन्होंने बताया कि वह जमशेदपुर से लाकर हल्दीपोखर में ब्राउन शुगर बिक्री करता है। इसमें सात से आठ साथी शामिल है। इस मामले में 42/2025 दिनांक 18 अक्टूबर25 धारा 21( )/22( )29 ल्र्ला स्त्र२ के अनुसार मामला दर्ज कर न्यायिक हिरासत में जमशेदपुर भेज दिया गया।

पुलिस टीम में मुसाबनी डीएसपी के अलावा थाना प्रभारी धनंजय पासवान, सबइंस्पेक्टर सिदो मुर्मू तथा सुरक्षा बल के जवान शामिल थे।

## विश्वास एवं भक्ति की प्रतीक विषहरि माता मनसा की पूजा शंकरदा में परम भक्ति एवं भव्यता के साथ मनाया गया

राष्ट्र संवाद संवाददाता

**पोटका।** पोटका प्रखंड के शंकरदा गांव में सौ वर्ष पुरानी मां मनसा की पूजा ₹डाक संक्रांति₹ यानी आश्विन महीने के संक्रांति तिथि में शंकरदा में सार्वजानीन मनसा पूजा कमिटी के तत्वावधान में मनाया गया। कल शाम को गांव के पूजा तलाव (ऊपर बांध) से कलश (बारि) लाई गई उक्त कलश यात्रा के साथ ₹झापान रथ₹ भी मौजूद थी जिस रथ में सवार थे पुरुलिया वेस्ट बंगाल से आए हुए प्रबुद्ध सपेरों की टीम, जिनके द्वारा



अनेकों विषधर सांपों को लेकर विभिन्न प्रकार की खेल एवं करतब दिखाई गई।

सम्पूर्ण भक्ति एवं भव्यता के साथ हजारों श्रद्धालुओं की भिडों के साथ व्रतीओं के द्वारा मां की वारि पूर्ण मंगल कलश लाकर मां की मूर्ति के समक्ष पंडित जी के विधि विधान के साथ स्थापित किया गया।

रात को भक्ति भाव से व्रती पुरुष महिलाओं द्वारा मां की पूजा अर्चना कि गई तत्पश्चात ₹मनसा मंगल पाठ₹ हुई। फिर आज सुबह भी मां की पूजा अर्चना के साथ पांठा एवं हंस (बत्तक) की बली दी गई एवं घट विसर्जन किया गया। कार्यक्रम को सुचारू संचालन हेतु - डॉ.प्रभाकर मंडल, मार्कण्ड भकत, अनिल भकत, रोहित गोप, सूजन भकत, अनादि भकत, नकुल गोप, मुकेश भकत, संजीव गोप, बनमाली भकत, गणपति भकत, आदि पूजा कमिटी के अलावे पूर्व जिला पार्षद करुणा मय मंडल भी पूर्ण भागीदारी निभाएं।

## पर्व को लेकर पुलिस ने कांड्रा थाना क्षेत्र में किया पैदल मार्च

राष्ट्र संवाद संवाददाता

**गम्हरिया**।पुलिस अधीक्षक के निदेर्शानुसार, 'प्रहरी' पहल के तहत कांड्रा थाना क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सख़्ती बरती गई। इस दौरान आगामी दीपावली व अन्य पर्व को लेकर थाना प्रभारी विनोद मुर्मू के नेतृत्व में पुलिस बल के साथ पूरे इलाके में पैदल मार्च किया गया।

बताया गया है कि पैदल मार्च का उद्देश्य क्षेत्र में अपराध नियंत्रण, अड्डेबाजी, छेड़खानी, सड़क पर अवैध पार्किंग और अन्य असामाजिक गतिविधियों पर अंकुश लगाना था। इस दौरान पुलिस ने मुख्य बाजार, सार्वजनिक स्थलों और भीड़भाड़ वाले इलाकों में भ्रमण कर स्थानीय लोगों से संवाद भी किया। थाना प्रभारी विनोद मुर्मू ने बताया कि क्षेत्र में शांति और सौहार्द बनाए रखने के लिए यह कार्रवाई की गई है। उन्होंने कहा कि किसी भी तरह की गड़बड़ी या कानून व्यवस्था भंग करने की कोशिश को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। स्थानीय लोगों ने पुलिस की इस पहल की सराहना की और सहयोग का आश्वासन दिया। प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें ताकि समय रहते उचित कार्रवाई की जा सके।

## नरसिंह इस्पात लिमिटेड ने पलना डैम परिसर में लगाए कूड़ादान

राष्ट्र संवाद संवाददाता

**चांडिल:** पर्यटन स्थल के रूप में तेजी से विकसित हो रहे पलना डैम में स्वच्छता व्यवस्था को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से नरसिंह इस्पात लिमिटेड कंपनी ने सामाजिक उत्तरदायित्व (उरफ) के तहत डैम परिसर में कुल छह कूड़ादान स्थापित किए हैं।

पलना डैम में बढ़ती पर्यटक संख्या को ध्यान में रखते हुए कंपनी की यह पहल स्थानीय पर्यावरण को स्वच्छ और आकर्षक बनाए रखने




की दिशा में एक सराहनीय कदम है। पिकनिक स्थलों पर विभिन्न स्थानों पर लगाए गए इन कूड़ादानों से आगंतुकों को कचरा निर्धारित स्थान पर डालने में सुविधा होगी, जिससे डैम परिसर की स्वच्छता बनी रहेगी।कूड़ादान स्थापना कार्यक्रम के दौरान पलना डैम समिति के अध्यक्ष गयाराम महतो, फकीर महतो, कंपनी के एम.आर. अनूप कुमार साहू, तथा लंबोदर महतो सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

स्थानीय लोगों ने कंपनी की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इससे क्षेत्र की सुंदरता और पर्यावरण संरक्षण में मदद मिलेगी।

## मांझी एभेन आखड़ा चांडिल अनुमंडल की बैठक सम्पन्न, 16 नवंबर को होगा बड़ा सम्मेलन

राष्ट्र संवाद संवाददाता

**आदिवासी अस्मिता और अधिकार के लिए आंदोलन का एलान, पेसा नियमावली व सारना कोड पर होगी चर्चा**

**चांडिल:**शीशमहल चांडिल डेम परिसर में रविवार को मांझी एभेन आखड़ा चांडिल अनुमंडल की संयोजक मंडली की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता रायडीह मांझी बाबा श्री तरणी चरण मुर्मू ने की, जबकि संचालन खुंटी मांझी बाबा श्री कुनाराम सोरेन ने किया।

बैठक में संयोजक सह कुरली मांझी बाबा श्री संजीव टुडू ने जानकारी दी कि आगामी 16 नवंबर 2025 को शीशमहल चांडिल डेम भवन में एक बड़ा सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। इसमें चांडिल, नीमडीह, ईचागढ़ और कुकड़ू प्रखंड के लगभग 300 मांझी बाबा शामिल होंगे।

जगमांझी सह समाजसेवी बाबु राम सोरेन ने बताया कि सम्मेलन में तीन प्रमुख मुद्दों पर विचार-विमर्श होगा–

1. पेसा नियमावली लागू करवाने की मांग
2. सारना धर्म कोलम कोड की मान्यता दिलाने की पहल
3. मांझी बाबा को ग्राम प्रधान का दर्जा देने की मांग

उन्होंने कहा कि आदिवासी समाज के अधिकार, संरक्षण, अस्मिता और पहचान के लिए आंदोलन सड़क से लेकर सदन तक जारी रहेगा। अगर सरकार इन मांगों को पूरा नहीं करती है, तो आंदोलन हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट तक ले जाया जाएगा।

बैठक में रोहिना टुडू, बुद्धेश्वर सोरेन, इन्द्र टुडू, गोपाल सोरेन, रवि बेसरा, शिवचरण मांझी, बाबलु टुडू, बिजय मुर्मू सहित बड़ी संख्या में मांझी बाबा और सदस्य मौजूद .

## आदिवासी सामाजिक संगठन ने राजा कुमार मिंज के पुनर्वास की मांग की, दी आंदोलन की चेतावनी

राष्ट्र संवाद संवाददाता

**गम्हरिया**।आवास बोर्ड एवं जिला प्रशासन की ओर से आदित्यपुर के दिन्दली बस्ती में राजा कुमार मिंज के परिवार के घर को तोड़े जाने के मामले को आदिवासी समाज ने गंभीरता से लिया है। रविवार को सुधाकर हांसदा की अध्यक्षता में आदिवासी समाज की बैठक में इस मामले को गंभीरता से लेते हुए प्रदर्शन किया एवं आवास बोर्ड को आंदोलन की चेतावनी दी गई है। बैठक में हांसदा ने कहा कि



प्रशासन ने गैरकानूनी तरीके से आदिवासी परिवार के घर पर जेसीबी चला कर तोड़ा गया और उनके परिवार को बेघर कर दिया। आदिवासी परिवार को उजाड़ कर मौलिक अधिकार का हनन किया गया है। इससे आदिवासी समाज आक्रोशित है और इसका पुरजोर विरोध करता है। इस मामले में मांगों को लेकर 24 अक्टूबर, शुक्रवार को आवास बोर्ड, आदित्यपुर कार्यालय के समक्ष एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया जायेगा। मांगों में आदित्यपुर के दिन्दली बस्ती निवासी आदिवासी राजा कुमार मिंज का परिवार को पुनर्वास किया जाए, आवास बोर्ड में वर्तमान और पूर्व से कार्यरत कर्मचारियों द्वारा गैरकानी तरीके से अपना व अपने परिवार सदस्यों के नाम से आवास बोर्ड, आदित्यपुर में भूखण्ड आवंटन की जांच किया जाए। बैठक में राम हांसदा, रविंद्र बास्के, शंकर मार्डी, सकला मार्डी, राजा कुमार मिंज, विशाल सोरेन, पप्पू हांसदा समेत काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## झामुमो प्रत्याशी सोमेश सोरेन के समर्थन में पोटका विधायक संजीव सरदार का जनसंपर्क अभियान



राष्ट्र संवाद संवाददाता

**घाटशिला।** विधानसभा उपचुनाव को लेकर पोटका विधायक संजीव सरदार रविवार को पूरे दिन क्षेत्र के विभिन्न गांवों में जनसंपर्क अभियान में जुटे रहे। उन्होंने महान आंदोलनकारी व पूर्व शिक्षा मंत्री स्वर्गीय रामदास सोरेन के पुत्र एवं झामुमो प्रत्याशी सोमेश चंद्र सोरेन के समर्थन में ग्रामीणों से संवाद किया।इस दौरान लोगों ने क्षेत्र में हुए विकास कार्यों की सराहना करते हुए झामुमो और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की जनकल्याणकारी योजनाओं पर विश्वास जताया तथा अबुआ सरकार के प्रति समर्थन दोहराने का संकल्प लिया।

## यूसिल लेबर यूनियन के महासचिव बीरबल सिंह के खिलाफ कमिटी मेंबरों ने खोला मोर्चा , यूनियन के अध्यक्ष राकेश्वर पांडे को पत्र लिखकर महासचिव बीरबल सिंह को हटाने की उठाई मांग

राष्ट्र संवाद संवाददाता

**जादूगोड़ा :** इंटक नेता राकेश्वर पाण्डेय की अध्यक्षता वाली यूसिल की श्रमिक संगठन यूसिल लेबर यूनियन के महासचिव बीरबल सिंह के खिलाफ कमिटी मेंबरों ने बगावत कर दी है व इधर इस बाबत कमिटी मेंबरों ने मजदूर नेता पवन सिंह की अगुवाई में यूनियन के अध्यक्ष राकेश्वर पांडे को 150 कमिटी मेंबरों के हस्ताक्षर युक्त पत्र सौप कर उसके बदले में किसी अन्य को महासचिव बनाने की मांग उठाई है।इस बाबत यूसिल लेबर यूनियन के सेकेंड क्लास के नेता सह यूनियन के सह सचिव पवन सिंह ने कहा कि यूनियन के महासचिव बीरबल सिंह यूसिल प्रबंधन के साथ मिलकर मजदूर विरोधी कार्य कर रहे है। यूसिल में जेनरिक दवा की आपूर्ति की मांग का बिना यूनियन के कमिटी मेंबरों की सहमति के



अकेला फैसला कमिटी मेंबरों पर थोप देते है।जिसका काफी विरोध भी किया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि दूसरे यूनियन के नेता के इशारे यूनियन महासचिव बीरबल सिंह। यूनियन चला रहे है व कमिटी मेंबरों की उपेक्षा की जा रही है। इधर यूनियन के अध्यक्ष राकेश्वर पांडे ने कमेटी मेंबरों की भावना का कद्र करते हुई उन्हें इस मुद्दे पर समय मांगा है। यहाँ बताते चले कि बीते 16 अक्टूबर को कमिटी मेंबरों की यूसिल लेबर यूनियन कार्यालय में बैठक हुई थी

जहां यूनियन महासचिव बीरबल सिंह को हटाने की पृष्टभूमि तैयार हो गई थी, जहां यूनियन महासचिव बीरबल सिंह की कार्यशैली कमिटी मेंबरों ने सवाल उठाए थे जिसे दबा दिया गया। दोबारा यह चिंगारी उठी है, जिस पर यूनियन के अध्यक्ष राकेश्वर पांडे पर कमिटी मेम्बरो की निगाहे टिकी है।जिसके बाद ही कमिटी मेंबर अगला फैसला लेगे। यूनियन महासचिव बीरबल सिंह के खिलाफ उठी बगावत पर आने वाले दिनों में बवाल नहीं सुलझा तो यूनियन एक बार फिर दो टुकड़ों में बंटने से इनकार नहीं किया जा सकता।

## सामाजिक संस्था श्री कृष्णा मुरारी सेवा संस्था के द्वारा दीपावली के अवसर पर आश्रम में मिठाई, पटाखे ,मोमबत्ती, माचिस, तेल ,दिया का किया गया वितरण

राष्ट्र संवाद संवाददाता

जादूगोड़ा के कुलड़िहा पंचायत स्थित दीनबंधु कुष्ठ आश्रम में जादूगोड़ा की सामाजिक संस्था श्री कृष्णा मुरारी सेवा संस्था के द्वारा दीपावली के शुभ अवसर पर हर वर्ष के भांति इस वर्ष भी आश्रम में मिठाई, पटाखे ,मोमबत्ती, माचिस, तेल ,दिया का वितरण किया गया संस्था के द्वारा लगातार लगभग 17 साल से दीपावली में आश्रम में जाकर आश्रम वासियों के साथ दीपावली मनाई जाती है।

आश्रम के छोटे-छोटे बच्चों के साथ फुलझड़ी ,मोमबत्ती जलाकर उनके साथ दीपावली की खुशी बांटी गई।

आश्रम के मुखिया बुद्धेश्वर पात्रों ने कहा कि हर वर्ष हम आश्रम वाशियों को को भी संस्था के सदस्यों के साथ दीपावली मनाने का इंतजार रहता है दीपावली एक



साथ मनाने में हम आश्रम वाशियों को भी काफी खुशी महसूस होती है।

आश्रम वासियों ने कहा कि संस्था के द्वारा लगातार आश्रम वाशियों के हर दुख सुख में खड़े रहते हे।

आश्रम वासियों के द्वारा संस्था के सदस्यों को आशीर्वाद भी दिया गया।

संस्था के अध्यक्ष सुशील अग्रवाल ने कहा कि नर सेवा ही नारायण सेवा है आश्रम वासीयों के साथ हर वर्ष दीपावली मनाने का काफी आनंद महसूस होता है एवं उनके आशीर्वाद ही काफी महत्वपूर्ण होती है।

बच्चों की खुशी में ही हमारी खुशी है।

इस अवसर पर आश्रम के सदस्यों के साथ संस्था के सुशील अग्रवाल, संतोष अग्रवाल, यश अग्रवाल, हर्ष अग्रवाल, योगेश अग्रवाल, सार्थक अग्रवाल ,समृद्ध अग्रवाल सहित कई सदस्य शामिल थे

## सार-संक्षेप

### जादूगोड़ा यूसील कॉलोनी की सड़क 20 साल से जर्जर, मरम्मत के इंतजार में

राष्ट्र संवाद संवाददाता

**जादूगोड़ा।** यूसील कॉलोनी की सड़क पिछले करीब 20 वर्षों से जर्जर अवस्था में है। मरम्मत नहीं होने के कारण जगह-जगह बड़े गड्ढे बन गए हैं और कई हिस्सों में सड़क पूरी तरह टूट चुकी है। पत्थर और गिट्टियों के बाहर आ जाने से राहगीरों व स्कूली बच्चों को चलना मुश्किल हो गया है। कई लोग फिसलकर घायल भी हो चुके हैं।



संयुक्त यूनियन ने यूसील प्रबंधन से बार-बार सड़क मरम्मत की मांग की है। यूनियन नेताओं का कहना है कि ए टाइप और बी टाइप कॉलोनी की सड़कें पूरी तरह खत्म हो चुकी हैं। प्रबंधन द्वारा कई बार टेंडर निकाले गए, लेकिन सिविल विभाग की निष्क्रियता के कारण कार्य फाइलों में ही अटक गया। यूनियन ने सीएमडी से शीघ्र मरम्मत कार्य शुरू करने की मांग की है।

### जादूगोड़ा में सैकड़ों युवाओं ने थामा झामुमो का दामन, भाजपा का गढ़ दरका



राष्ट्र संवाद संवाददाता

**जादूगोड़ा।** घाटशिला विधानसभा क्षेत्र के मुसाबनी प्रखंड के दक्षिण इच्छड़ा पंचायत अंतर्गत जादूगोड़ा यूसीआईएल कॉलोनी में रविवार को सैकड़ों युवाओं ने झारखंड मुक्ति मोर्चा की सदस्यता ग्रहण की। यह इलाका अब तक भाजपा का मजबूत गढ़ माना जाता था।

युवाओं ने कहा कि अब जनता बदलाव चाहती है – वह एक शिक्षित, युवा और जनता से जुड़े प्रतिनिधि को विधानसभा में भेजना चाहती है। कार्यक्रम में झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता व पूर्व विधायक कुणाल षाड़ंगी, युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष विक्टर सोरेन और वरिष्ठ नेता हरीश भगत उपस्थित रहे। हरेन सिंह के नेतृत्व में युवाओं ने पार्टी जॉइन की।

कुणाल षाड़ंगी ने युवाओं से झामुमो प्रत्याशी सोमेश चंद्र सोरेन को विजयी बनाने का आह्वान करते हुए कहा कि ह्लस्वर्गीय रामदास सोरेन के अधूरे कार्यों को पूरा करना ही सच्ची श्रद्धांजलि होगी।ह्व

विक्टर सोरेन ने कहा कि ह्लहम मिलकर युवाओं के सपनों का घाटशिला विधानसभा क्षेत्र बनाएंगे।हरेन सिंह ने कहा कि यह तो बस शुरूआत है – आने वाले दिनों में जादूगोड़ा और आसपास के क्षेत्रों से सैकड़ों और युवा झामुमो से जुड़ेंगे।

### जादूगोड़ा में मां काली का भव्य पंडाल बन कर तैयार, मूर्तिकार मां काली की प्रतिमा को अंतिम रूप देने में जुटे



राष्ट्र संवाद संवाददाता

**जादूगोड़ा** : जादूगोड़ा में मां काली का भव्य पंडाल बन कर तैयार हो गया है। इधर मूर्तिकार भी मां काली की प्रतिमा को अंतिम रूप देने में जुटे है। यहाँ मुख्य पूजा यूसिल कॉलोनी जादूगोड़ा ए टाइप दुर्गा पूजा कमिटी

टिक्की के संरक्षक टिक्की मुखी की अगुवाई में आयोजित की गई है जहां कल सोमवार को देर रात्रि मा काली की पूजा की जाएगी व महाभोग का वितरण किया जाएगा। इसी तरह जादूगोड़ा मुक्ति धाम में भी मां तारा काली मंदिर में मां काली को पूजा को लेकर तैयारी अंतिम चरण में है। इस मौके ।पर पूजा कमिटी के संरक्षक टिक्की मुखी ने कहा कि घाटशिला उपचुनाव को लेकर सादगी से।इस बार सादगी से पूजा की जाएगी। यहां 1985 से मां काली पूजा हर्षोल्लास से होती आ रही है।

### गम्हरिया में तालाब के पास युवक का शव बरामद, क्षेत्र में सनसनी

राष्ट्र संवाद संवाददाता

**सरायकेला**।आदित्यपुर थाना अंतर्गत गम्हरिया ब्लॉक परिसर से सटे तालाब के पास एक युवक का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी।

सूचना पाकर आदित्यपुर थाना प्रभारी विनोद तिर्की दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे और जांच शुरू की। मृतक की पहचान जेब से मिले दस्तावेजों के आधार पर आनंद कुमार, पिता हालदार प्रसाद चौधरी, निवासी सी. निर्मल महतो पाथ, छोटा गम्हरिया के रूप में हुई है।

पुलिस को मृतक के पास से अमलगम स्टील एंड पावर लिमिटेड के एसएमएस विभाग का एक कर्मचारी पहचान पत्र भी मिला है। फिलहाल पुलिस ने परिजनों को सूचना दे दी है और मौत के कारणों की जांच में जुट गई है।

घटना स्थल पर बड़ी संख्या में लोग जुट गए थे, जिससे पूरे क्षेत्र में दहशत और अफरा-तफरी का माहौल बन गया।

### सांसद मीडिया प्रतिनिधि ने सलगी में ट्रांसफार्मर का किया उद्घाटन



राष्ट्र संवाद संवाददाता

**चतरा:** सिमरिया प्रखंड के सलगी गांव का ट्रांसफार्मर खराब था। जिसकी सूचना सांसद मीडिया प्रभारी सुभाष सिंह ने सांसद कालीचरण सिंह को दी। सांसद ने त्वरित कार्रवाई करते हुए विभाग को अतिशीघ्र ट्रांसफार्मर लगाने का निर्देश दिया। सांसद के प्रयास से सलगी में ट्रांसफार्मर लगा। सांसद के निर्देश पर सांसद के मीडिया प्रभारी सुभाष सिंह ने फीता काट कर विधिवत उद्घाटन किया। दीपावली के एन मौके पर गांव के रौशनमय होने से ग्रामीणों ने खुशी जाहिर करते हुए सांसद का आभार व्यक्त किया। मौके पर वार्ड सदस्य सोनिया देवी, रामदेव राम, बीटू सिंह, विनय सोनी, मित्रजीत साव विकाश सिंह,अंचल शर्मा समेत कई लोग मौजूद थे।

# बालेश्वर स्टेशन पर आरपीएफ की बड़ी कार्रवाई

## 15 किलो गांजा बरामद

**बालेश्वर, एजेंसी।** खड़गपुर रेल मंडल के अंतर्गत बालेश्वर रेलवे स्टेशन पर रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) की टीम ने नियमित जांच के दौरान करीब 15 किलो गांजा जब्त किया। यह कार्रवाई आरपीएफ बालेश्वर पोस्ट और सीआईबी/खड़गपुर की संयुक्त टीम द्वारा की गई।

रेलवे अधिकारियों के अनुसार, शनिवार की दिन प्लेटफॉर्म नंबर दो के खड़गपुर छोर पर नियमित जांच के दौरान आरपीएफ कर्मियों को एक लाल-नीले रंग का बैग और एक हल्के हरे रंग का एरिस्टोक्रैट सूटकेस संदिग्ध अवस्था में पड़े मिले। आरपीएफ जवानों ने लंबे समय तक उन पर नजर रखी, लेकिन कोई व्यक्ति आगे नहीं आया।

संदेह बढ़ने पर जब बैगों की जांच की गई, तो उनमें से मादक पदार्थ (गांजा) की तेज गंध महसूस हुई। तत्पश्चात एनडीपीएस अधिनियम के तहत आवश्यक प्रक्रिया शुरू की गई।

बालेश्वर के अतिरिक्त तहसीलदार दिनबंधु किस्कु (ओआरएस) बतौर कार्यकारी मजिस्ट्रेट मौके पर पहुंचे और उनकी उपस्थिति में दोनों बैग खोले गए। जांच में कुल 15 किलो गांजा बरामद हुआ, जिसका कुल वजन (रैपिंग सहित) 19.815 किलो पाया गया। बरामद गांजा को मौके पर ही सील कर जब्त किया गया तथा सभी आवश्यक दस्तावेज–जैसे जब्ती सूची, नमूना सील मेमो और तौल पर्ची–तैयार किए गए। जब्त सामग्री और दस्तावेज बाद में जीआरपीएस बालेश्वर को सौंपे गए। पुलिस ने अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बरामद मादक पदार्थ की अनुमानित कीमत करीब 1.5 लाख रुपये बताई जा रही है।



# वाहन चेकिंग कर रहे पुलिस कर्मियों को थार चालक ने मारी टक्कर, तीन घायल

**देहरादून,एजेंसी।** देहरादून के थाना डालनवाला क्षेत्र के आराघर टी-जंक्शन पर आज तड़के एक बड़ी घटना उस समय घटित हो गई जब वाहन चेकिंग में तैनात पुलिस कर्मियों को एक तेज रफ्तार थार गाड़ी ने टक्कर मार दी। इसमें तीन पुलिस कर्मी गंभीर घायल हो गए।

घटना सुबह करीब 3:45 बजे की बताई जा रही है। हादसे के तुरंत बाद घायल कर्मियों को 108 एम्बुलेंस से पास के अस्पताल में प्राथमिक उपचार के लिए भेजा गया, जहां से उन्हें बेहतर इलाज के लिए सिनर्जी अस्पताल रेफर किया गया। घटना की जानकारी मिलते ही वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय सिंह स्वयं सिनर्जी अस्पताल पहुंचे।उन्होंने चिकित्सकों से मुलाकात कर उपचाराधीन पुलिस कर्मियों के स्वास्थ्य की जानकारी ली और संबंधित अधिकारियों को उनके इलाज में किसी भी प्रकार की कमी न रहने देने के निर्देश दिए।



पुलिस ने बताया कि घटना में शामिल आरोपित वाहन चालक की पहचान मोहम्मद उमर उर्फ ताहिर (36 वर्ष) पुत्र मोहम्मद रईस, निवासी 1 ई.सी. रोड, थाना डालनवाला, देहरादून के रूप में हुई है। उसे गिरफ्तार कर लिया गया है और उसकी महिंद्रा थार को कब्जे में लेकर सीज कर दिया गया है।

एसएसपी अजय सिंह ने घटना को बेहद गंभीर मानते हुए आरोपी पर कठोर वैधानिक कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। डालनवाला पुलिस ने संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

सिनर्जी अस्पताल में भर्ती तीनों घायल पुलिसकर्मियों हेड कांस्टेबल सुगनपाल, कांस्टेबल सचिन और कांस्टेबल कमला प्रसाद की हालत अब खतरे से बाहर और स्थिर बताई जा रही है।

# बांकुड़ा में अवैध पटाखों के खिलाफ पुलिस की बड़ी कार्रवाई, भारी मात्रा में प्रतिबंधित आतिशबाज़ी जब्त

**बांकुड़ा, एजेंसी।** पश्चिम बंगाल के बांकुड़ा जिले में पुलिस ने अवैध पटाखों के खिलाफ विशेष अभियान चलाकर बड़ी सफलता हासिल की है। पिछले दो दिनों में जिले के विभिन्न थानों की ओर से एक के बाद एक छापेमारी अभियान चलाया गया, जिसमें भारी मात्रा में प्रतिबंधित और खतरनाक आतिशबाज़ी जब्त की गई है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार , जिले के कई इलाकों में विभिन्न ब्रांडों और प्रकारों के अवैध पटाखे बड़ी मात्रा में भंडारित किए जा रहे थे। इसी सूचना के आधार पर पुलिस ने विशेष छापेमारी की। अभियानों के दौरान सैकड़ों किलो विस्फोटक सामग्री और कई तरह के उच्च ध्वनि वाले पटाखे बरामद किए गए।



बांकुड़ा जिला पुलिस ने बताया कि यह कार्रवाई आगामी त्योहारों – खासकर काली पूजा और दीपावली – के मद्देनज़र की गई है, ताकि लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। पुलिस ने स्पष्ट किया कि प्रतिबंधित आतिशबाज़ी की बिक्री और उपयोग करने वालों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

जिला पुलिस अधीक्षक ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे केवल सरकारी रूप से स्वीकृत ग्रीन क्रैकर्स का ही उपयोग करें और अवैध पटाखों की बिक्री या भंडारण की जानकारी तुरंत पुलिस को दें।

# सांसद ज्योत्सना महंत के प्रयासों से मेडिकल कालेज में स्नातकोत्तर ( पीजी) की 14 सीट स्वीकृत

राष्ट्र संवाद ब्यूरो कमाल अहमद

**कोरबा:-** स्व. श्री बिसाहूदास महंत स्मृति शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय कोरबा को चार विषय मे स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम शुरू करने के लिए नेशनल मेडिकल कॉउंसिल से स्वीकृति मिल गई है।

कोरबा सांसद श्रीमिती ज्योत्सना चरणदास महंत के अथक प्रयासों से यह संभव हो पाया है। स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम शुरू करने के लिए सांसद ज्योत्सना महंत ने लगातार केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री व नेशनल मेडिकल कॉउंसिल से प्रयासरत रही। इसके परिणाम स्वरूप नेशनल मेडिकल कॉउंसिल ने स्व. श्री बिसाहूदास महंत स्मृति शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय कोरबा में चार विषयों में स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम शुरू करने के लिए स्वीकृति प्रदान कर दी है। स्वीकृत पाठ्यक्रम में एम.डी. एनेस्थीसिया की 3 सीट, एम. डी. स्त्रीरोग विशेषज्ञ की 3 सीट, एम. डी. जनरल मेडिसीन की 4 सीट व एम. डी. जनरल सर्जरी की चार सीट शामिल है।



इस उपलब्धि पर प्रदेश कांग्रेस के संयुक्त महामंत्री व सांसद प्रतिनिधि हरीश परसाई, कांग्रेस जिलाध्यक्ष मनोज चौहान, सांसद प्रतिनिधि द्वय पोषक दास महंत, विनोद अग्रवाल, किरण चौरसिया, सुनील जैन, प्रशांत सिंह, विशु घोष, प्रकाश महंत, आदिवासी कांग्रेस के जिलाध्यक्ष श्याम नारायण सिंह , जुनेद खान, उषा तिवारी, ममता यादव, द्रोपदी तिवारी, रेखा मिश्रा, सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसियों ने हर्ष जताते हुए सांसद ज्योत्सना महंत का आभार जताया है।

जिले की स्वास्थ्य सुविधा और बेहतर होगी - सांसद महंत

सांसद ज्योत्सना चरणदास महंत ने कहा कि वे लगातार कोरबा जिला की स्वास्थ्य सुविधाओं में बढ़ोतरी करने हेतु प्रयासरत रहती है। इसी के परिणाम स्वरूप स्व. श्री बिसाहूदास महंत स्मृति शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय कोरबा को चार विषय मे स्नातकोत्तर ( ढक्ष्ृ ) पाठ्यक्रम शुरू करने के लिए नेशनल मेडिकल कॉउंसिल से स्वीकृति मिल गई है। यह सुविधा कोरबा जिला के स्वास्थ्य सेवा स्तर को और भी मजबूती प्रदान करेगी।

# चरस के साथ युवक गिरफ्तार, दीपावली में बेचने लाया था अवैध चरस

**उत्तरकाश।** कोतवाली मनेरी पुलिस ने एक युवक को अवैध चरस के साथ गिरफ्तार किया गया है, युवक के कब्जे 302 ग्राम चरस बरामद की गई है। बतपा दें पुलिस अधीक्षक उत्तरकाशी ने सभी कोतवाली,थाना प्रभारी व SOG टीम को नशा मुक्त अभियान एवं दीपावली पर्व के दृष्टिगत संदिग्ध गतिविधियों पर लगातार निगरानी व बैरियर एवं चेक पोस्ट पर सघन चैकिंग करने के निर्देश दिए हुए हैं।

शनिवार रात्रि को प्रभारी निरीक्षक मनेरी प्रदीप सिंह तोमर के नेतृत्व में कोतवाली मनेरी पुलिस टीम ने चैकिंग के दौरान बार्सू गांव की ओर से गंगोत्री राष्टीय राजमार्ग पर आने वाले रास्ते से रामराज नाम के एक युवक को 302 ग्राम अवैध चरस के साथ गिरफ्तार किया गया।

गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर युवक के विरुद्ध कोतवाली मनेरी परएनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। गिरफ्तार आरोपित रामराज सिंह राणा पुत्र हुकम सिंह राणा उम्र-25 वर्ष।

# उत्तरी कशमीर में टिपर की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत

**श्रीनगर, एजेंसी।** उत्तरी कशमीर के कुपवाड़ा जिले के लंगेट इलाके के एक 55 वर्षीय व्यक्ति की एक टिपर की चपेट में आने से मौत हो गई।

एक अधिकारी ने बताया कि यह दुर्घटना लंगेट तुलवारी में उस समय हुई जब एक पैदल यात्री टिपर की चपेट में आ गया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उन्होंने बताया कि घायल व्यक्ति को पहले जीएमसी हंदवाड़ा ले जाया गया और बाद में उन्नत उपचार के लिए एसएमएचएस अस्पताल श्रीनगर रेफर कर दिया गया जहाँ उसकी मौत हो गई। मृतक की पहचान अली मोहम्मद खान (55) के रूप में हुई है जो लंगेट तुलवारी निवासी स्वर्गीय अब्दुल समद के पुत्र थे। इस बीच पुलिस ने घटना का संज्ञान लिया है और आगे की कार्यवाही शुरू कर दी है।

# सांबा में सड़क दुर्घटना में ट्रैफिक पुलिस के एसपीओ की मौत

**सांबा, एजेंसी।** सांबा जिले के राया मोड़ इलाके में हुई एक दुखद सड़क दुर्घटना में विशेष पुलिस अधिकारी (एसपीओ) के रूप में कार्यरत ट्रैफिक पुलिसकर्मी की मौत हो गई। अधिकारियों ने बताया कि बदनई (नद) निवासी राहुल सिंह नामक एक ट्रैफिक पुलिस एसपीओ को सड़क पर ड्यूटी के दौरान एक ट्रक ने टक्कर मार दी। जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने घटना का संज्ञान लिया है और आगे की जाँच शुरू कर दी है।

# कठुआ पुलिस ने 71 बोतलें अवैध व्हिस्की बरामद कर एक तस्कर को दबोचा

**जम्मू, एजेंसी।** अवैध शराब के व्यापार और परिवहन पर रोक लगाने के निरंतर प्रयासों के तहत कठुआ पुलिस ने एक तस्कर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 71 बोतलें जेके एक्साइज व्हिस्की बरामद की हैं। यह कार्रवाई थाना राजबाग की पुलिस टीम ने इंस्पेक्टर अजय सिंह के नेतृत्व में एसपी ऑप्स कठुआ मुकुंद तिबरेवाल और एसडीपीओ बॉर्डर धीरज काटोच की देखरेख में की। गिरफ्तार आरोपी की पहचान रोशन लाल पुत्र तर्सीम लाल निवासी हार्डो मुठी, राजबाग, तहसील मरीममद, जिला कठुआ के रूप में हुई है। तलाशी के दौरान उसके पास से 27 बोतलें (250 मिलीलीटर) और 44 बोतलें (180 मिलीलीटर) जेके स्पेशल व्हिस्की बरामद की गईं। इस संबंध में थाना राजबाग में एक्साइज एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। एसएसपी कठुआ मोहिता शर्मा ने कहा कि अवैध शराब के कारोबार में लिप्त किसी भी व्यक्ति के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। आम जनता ने कठुआ पुलिस की इस कार्रवाई की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कदम अवैध व्यापार पर रोक लगाने में मददगार साबित होंगे।

# कुलगाम पुलिस ने ड्रग तस्कर को गिरफ्तार किया ; प्रतिबंधित पदार्थ बरामद

**कुलगाम, एजेंसी।** समाज से नशीली दवाओं के खतरे को खत्म करने के लिए लगातार प्रयास करते हुए, कुलगाम पुलिस ने एक ड्रग तस्कर को गिरफ्तार किया और उसके कब्जे से प्रतिबंधित पदार्थ बरामद किया।

एक पुलिस प्रवक्ता ने एक बयान में कहा कि आईसी पीपी मीरबाजार के नेतृत्व में एक पुलिस दल ने फुर्राह बाईपास, मीरबाजार पर नाका चेकिंग के दौरान एक संदिग्ध व्यक्ति को रोका, जिसकी पहचान नदीम मंजूर नाइकू पुत्र मंजूर अहमद नाइकू निवासी पाटी अखरान, नौपोरा के रूप में हुई। तलाशी के बाद, उक्त बैग में भरा हुआ 2.050 किलोग्राम वजनी पोस्ता स्ट्रॉ बरामद किया गया। इसमें लिखा है, व्यक्ति को मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया गया।विज्ञापन तदनुसार, पुलिस स्टेशन काजीगुंड में धारा 8/15 एनडीपीएस अधिनियम के तहत एफआईआर संख्या 218/2025 के तहत मामला दर्ज किया गया है और इसमें शामिल स्रोत और व्यापक नेटवर्क का पता लगाने के लिए आगे की जांच चल रही है।

# पांवटा में बुलेट ट्रेन से भी तेज ट्रॉले, पेड़ ने बचाई पूरी फैमिली की जान

**नाहन,एजेंसी।** पांवटा साहिब में खनन सामग्री ढोने वाले ट्रॉले अब सड़कों पर ऐसे दौड़ रहे हैं मानो यह कोई रेस ट्रैक हो। इनकी रफ्तार और लापरवाही से लोगों की जिंदगी रोज़ दांव पर लग रही है। इसी लापरवाही का नतीजा रविवार सुबह 4 बजे देखने को मिला – जब तेज रफ्तार ट्रॉला (IIR58E-3280) अनियंत्रित होकर सड़क किनारे एक मजबूत पेड़ से जा टकराया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि पूरा इलाका दहल उठा। अगर वो पेड़ बीच में न होता तो ट्रॉला सीधा घर में घुसकर सो रहे पूरे परिवार को कुचल देता। लेकिन पेड़ ने ढाल बनकर पूरे परिवार की जान बचा ली – यानी कहा जा सकता है कि पेड़ ने आज इंसानियत को बचा लिया। टक्कर के बाद ट्रॉला चालक मौके से फरार हो गया। घटना की खबर फैलते ही इलाके में हड़कंप मच गया और लोग मौके पर जुटने लगे।

# ओबीसी कांग्रेस नेता द्वारिका प्रसाद पाल के मनोनयन से जिले में कांग्रेस मजबूत होगी -गिरीश त्रिपाठी

राष्ट्र संवाद संवाददाता

शशि भूषण दूबे
कंचनीय/मोहम्मद अमीन शेख

**मिजापुर** 19 अक्तूबर। उत्तर प्रदेश ओबीसी कांग्रेस के संगठन सृजन अभियान में उत्तर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय पूर्व मंत्री के निर्देश पर ओबीसी के मजबूत वरिष्ठ नेता द्वारिका प्रसाद पाल को दुबारा प्रदेश महासचिव बनाए जाने पर कांग्रेसियो द्वारा उनका माल्यार्पण करके स्वागत करते हुए बधाई दिया है। जिला कांग्रेस कमेटी पूर्व अध्यक्ष गिरीश त्रिपाठी पूर्व ब्लाक प्रमुख ने कहा कि एल ओ पी लीडर लोकसभा राहुल गांधी के मंसूबे के अनुरूप संगठन सृजन अभियान से उत्तर प्रदेश सहित समूचे देश में कांग्रेस बुनियादी ढांचा तैयार करने में कामयाब हो रहे हैं। श्री त्रिपाठी ने कहा कि मिजार्पुर जिले के ओबीसी के वरिष्ठ दमदार नेता द्वारिका प्रसाद पाल उसके एक उदाहरण है , उन्हें दुबारा प्रदेश महासचिव बनाए जाने से पाल धनकर जातियों में कांग्रेस पार्टी के प्रति विश्वसनीयता बढी है। उन्होंने कांग्रेस जनों के साथ श्री पाल के आवास पर पहुंचे और माल्यार्पण करके स्वागत किया है। उत्तर प्रदेश कांग्रेस के क्वार्डिनेटर दया शंकर पाण्डेय ने कहा कि संगठन सृजन में ऐसे दमदार लोगों की खोज एवं आंकलन करके संगठन सृजन किया गया है जिसके द्वारिका प्रसाद पाल भी एक संदेश है। जिला कांग्रेस कमेटी पूर्व जिला अध्यक्ष एवं पूर्व ब्लाक प्रमुख गिरीश त्रिपाठी, जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व उपाध्यक्ष जगदीश्वर दुबे भदोही जिले के उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी कोऑर्डिनेटर श्री दयाशंकर पांडेय जिला कांग्रेस कमेटी महासचिव संजय पांडेय,, बलराम गौतम अश्वनी कुमार पाल आदि लोग उपस्थितहै। उक्त रिपोटिंग हमारे यूपी स्टेट ब्यूरो प्रमुख शशि भूषण दूबे कंचनीय द्वारा किया गया है।



# रेल पटरियों के पास मिले दो जनों के शव

**बीकानेर, एजेंसी।** बीकानेर में अलग-अलग स्थानों पर 2 लोगों के शव रेल पटरियों के पास मिले हैं। दोनों में एक की शिनाख्त हो गई है, जबकि दूसरे की पुष्टि की जा रही है। फिलहाल एक शव पीबीएम अस्पताल की मॉर्च्युरी में और दूसरे को देशनोक अस्पताल की मॉर्च्युरी में रखा है, जहां पोस्टमॉर्टम किया जाएगा।

समाजसेवी राजकुमार खड़गावत ने बताया कि शनिवार देर रात करीब 2 बजे एक युवक के ट्रेन की पटरियों के पास मृत अवस्था में मिलने की सूचना आई। घटना उदयरामसर रेलवे फाटक से करीब एक किलोमीटर आगे देशनोक की तरफ की है। यहां एक युवक मृत अवस्था में मिला, जो पटरियों पर कट गया। उसके पास मिले दस्तावेजों में भोला कुमार पुत्र शंकर लाल उम्र करीब 40 वर्ष निवासी उकलाना, हिसार लिखा हुआ है। ये पता लगाया जा रहा है कि मृतक भोला कुमार ही है या कोई और है।



सूचना मिलने पर ख़दिमतगार खादिम सोसाइटी व असहाय सेवा संस्थान के सेवादार सोएब व राजकुमार खड़गावत एम्बुलेंस लेकर मौके पर पहुंचे। देशनोक थाना व गंगाशहर थाना पुलिस मय पुलिस टीम की निगरानी में शव को पीबीएम अस्पताल मॉर्च्युरी में रखवाया। उधर रविवार सुबह करीब 5.30 बजे ट्रेन की चपेट में आने से एक बुजुर्ग की मौत हो गई। ये घटना देशनोक पुलिया के नीचे रेलवे स्टेशन फाटक के पास की है।

# झगड़े से मना करने पर ई-रिक्शा चालक की हत्या, मुकुंदपुर में तड़तड़ाई गोलिया

**दिल्ली ,एजेंसी।** मोहन गार्डन इलाके में झगड़े का विरोध करने पर मोहित नाम के ई-रिक्शा चालक की चाकू से गोदकर हत्या कर दी गई। घटना को अंजाम देकर आरोपी मौके से भाग गया। पुलिस ने मामले की जांच करते हुए आरोपी नेपाल निवासी ताजराज को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चाकू बरामद कर लिया है। द्वारका जिला पुलिस उपायुक्त अंकित सिंह ने बताया कि 4 अक्तूबर की देर रात पुलिस को डीडीयू अस्पताल से एक युवक को चाकू लगने के बाद भर्ती कराए जाने की सूचना मिली। घायल युवक की पहचान सैनिक एन्क्लेव निवासी मोहित के रूप में हुई। वह बयान देने की हालत में नहीं था। डॉक्टरों ने उसे सफदरजंग अस्पताल रेफर किया जहां उपचार के दौरान अगले दिन उसने दम तोड़ दिया। पेशे से ई-रिक्शा चालक मोहित का हाल ही में किसी से झगड़ा हुआ था। पुलिस घटनास्थल के पास पहुंची, जहां मौजूद रणहौला निवासी सुनील ने बताया कि शुक्रवार रात ताजराज नेपाली अपने ई-रिक्शा के साथ ग्रोवर स्वीट्स के पास आया और झगड़ा करने लगा। इसी बीच मोहित आया और ताजराज नेपाली को ऐसा करने से मना किया। इस बात पर ताजराज नेपाली मोहित से झगड़ा करने लगा और इसी दौरान उसके पेट पर चाकू से वार कर उसे घायल कर दिया। थाना प्रभारी मुकेश अंतिल के नेतृत्व में पुलिस ने आरोपी की तलाश शुरू की। पुलिस ने आरोपी के कई ठिकानों पर दबिश दी। काफी मशक्कत के बाद पुलिस ने एक सूचना पर आरोपी को शुक्रवार को इलाके से गिरफ्तार कर लिया।

**वीडियो बनाने से मना करने पर युवक पर किया हमला:** डाबड़ी इलाके में वीडियो बनाने से मना करने पर एक युवक पर पेपर कटर से हमला कर उसे घायल कर दिया। घायल युवक को उसके दोस्तों ने पास के अस्पताल में भर्ती कराया। वहीं हमलावर अपने दोस्त के साथ बाइक से भाग गया। पीड़ित के बयान पर पुलिस ने हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर लिया है। जानकारी के मुताबिक संजीव कुमार राजापुरी स्थित एक कंपनी के स्टोर में सुपरवाइजर के पद पर कार्यरत हैं। थाने में दर्ज प्राथमिकी में उन्होंने बताया कि 15 अक्तूबर की रात वह स्टोर बंद कर अपने दोस्तों के साथ पास की पान की दुकान पर मौजूद थे। इसी दौरान उसने एक युवक को उन लोगों का वीडियो बनाते हुए देखा। उनके एक दोस्त ने युवक से वीडियो बनाने का कारण पूछा। इस पर युवक गाली गलौज करने लगा। उन लोगों ने युवक को गाली गलौज करने से मना किया तो उसने फोन कर एक साथी को मौके पर बुला लिया। उसका साथी बाइक से वहां पहुंचा। उसके आते ही वीडियो बना रहा युवक संजीव के दोस्त विकास के साथ हाथापाई करने लगा। संजीव झगड़ा में बीच बचाव करने लगे, तभी बाइक से आए युवक ने बैग से पेपर कटर निकाल लिया और संजीव पर हमला कर घायल कर दिया। पेपर कटर लगने से उनके पेट और हाथ में चोट लगी। उनके दोस्त संजीव को संभालने लगे, तभी दोनों आरोपी बाइक से वहां से भाग गए। दोस्तों ने घायल संजीव को पास के निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां से घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस अस्पताल पहुंची।

**मुकुंदपुर इलाका गोलियों की तड़तड़ाहट से गूंजा:** भलस्वा डेयरी का मुकुंदपुर इलाका शुक्रवार रात गोलियों की तड़तड़ाहट से गूंज उठा। बाइक से आए 12 से अधिक हमलावरों ने एक युवक के घर पर चार से पांच राउंड फायरिंग की। गली में रहने वाले लोग दहशत में आ गए। हालांकि गोलीबारी में कोई हताहत नहीं हुआ है। गोलीबारी करने के बाद युवक को जान से मारने की धमकी देकर सभी हमलावर भाग गए। पुलिस अधिकारी ने बताया कि वारदात में शामिल अंकित, मनीष और शिखर को गिरफ्तार कर लिया गया है। भागे हुए हमलावरों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस दबिश दे रही है। शुरुआती जांच में पता चला है कि पीड़ित युवक जतिन का कुछ लड़कों से विवाद हुआ था, जिसका बदला लेने के लिए लड़कों ने गोलीबारी की है। जतिन अपनी मां गीता के साथ मुकुंदपुर इलाके में रहता है।

गीता घरों में साफ-सफाई का काम करती है, जबकि जतिन पीओपी का काम सीख रहा है। गीता के पति की करीब दस साल पहले मौत हो चुकी है। गीता ने बताया कि शुक्रवार रात वह अपने बेटे को लेकर जैसे ही घर के अंदर गई। घर के सामने कई बुलेट बाइक आकर रुकीं, जिस पर करीब 10 से 12 लड़के सवार होंगे। बाइक सवार जतिन को घर से बाहर निकलने के लिए कह रहे थे लेकिन उसने बेटे को बाहर जाने नहीं दिया। इसी बीच बाइक सवारों ने घर पर ताबड़तोड़ गोलीबारी की। सूचना पर बाहरी उत्तरी जिला पुलिस उपायुक्त सहित पुलिस के सभी आला अधिकारी मौके पर पहुंचे। पुलिस ने क्राइम और फोरेंसिक टीम को मौके पर बुलाई। पुलिस को मौके से चार खोखे मिले। जांच के बाद पुलिस उपायुक्त हरेश्वर वी स्वामी ने बताया कि देर रात भलस्वा डेयरी थाना पुलिस को डी ब्लॉक मुकुंदपुर में गोलीबारी की सूचना मिली। मौके पर गीता और उनका बेटा जतिन मिला। जतिन ने बताया कि उसका और उसके दोस्तों का रात 9.30 बजे मच्छी बाजार चौक पर अंकित से झगड़ा हुआ था। इसके बाद अंकित अपने साथियों आयुष, राजा, शिखर उर्फ कबरिया और मनीष उर्फ तोतला के साथ बाइकों पर आए और गोलीबारी कर भाग गए। पुलिस उनकी तलाश कर रही है।

**पांच लाख दो नहीं तो सीने में खाओ गोली :** शाहदरा इलाके के रोहताश नगर में एक कपड़ा कारोबारी और उसके परिवार को जान से मारने के साथ कारोबार नहीं करने की धमकी दी गई है। बदमाशों ने धमकाया है अगर ऐसा नहीं चाहते हो तो पांच लाख रुपये दे दो। धमकी देने के बाद आरोपी अपने साथियों के साथ फरार हो गए। प्रिंस ने वारदात की सीसीटीवी फुटेज भी पुलिस को मुहैया करवाई है।

पीड़ित प्रिंस चावला की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आरोपी पहले भी रंगदारी न मिलने पर मार्केट में गोली चला चुका है। पुलिस उसकी तलाश कर रही है। पुलिस के मुताबिक पीड़ित प्रिंस चावला परिवार के साथ रोहताश नगर में रहते हैं। गली नंबर-7 में इनकी कपड़े की दुकान है। आरोप है कि 10 अक्तूबर की शाम को एक बदमाश उनकी दुकान पर पहुंचा। आरोपी ने कहा कि मुनव्वर भाई बाइक पर तुम्हारा इंतजार कर रहे हैं। प्रिंस दुकान से बाहर निकले तो आरोपी बाइक पर खड़ा था।

मुनव्वर के साथ कई लड़के मौजूद थे। आरोपी ने प्रिंस से कहा, यदि उसे दुकान चलानी है और जिंदा रहना है तो उसे पांच लाख रुपये रंगदारी देना होगा। ऐसा न करने पर उसे और उसके परिवार को जान से मार दिया जाएगा। प्रिंस ने रकम देने से इन्कार किया तो आरोपी उनके साथ गाली-गलौज करने लगा। बाद में वह गोली खाने के लिए तैयार रहने के लिए कहकर वहां से चला गया।

# बिहार चुनाव : तेघड़ा सीट पर सीपीआई का ऐतिहासिक दबदबा, स्कूटनी के साथ ही बढ़ी सियासी सरगर्मी

बेगूसराय/ राष्ट्र संवाद ब्यूरो

**बिहार चुनाव 2025: तेघड़ा विधानसभा सीट पर सीपीआई का ऐतिहासिक दबदबा, इस बार 2,99585 मतदाता तय करेंगे उम्मीदवार की किस्मत**

बिहार विधानसभा चुनाव की तैयारी जोरों पर है। शनिवार को नाम निर्देशन पत्र की स्कूटनी के पश्चात तेघड़ा विधानसभा क्षेत्र की सियासत में सरगर्मी बढ़ गई है। अब सभी 14 उम्मीदवार मैदान में हें । सत्ताधारी एनडीए और इंडिया महागठबंधन के कार्यकर्ता और समर्थक काफी सक्रिय नजर आ रहे हें। ऐसे में तेघड़ा विधानसभा सीट का चुनाव काफी अहम होगा, जो भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (सीपीआई) का पुराना गढ़ माना जाता रहा है। तेघड़ा विधानसभा में इस बार मुख्य रूप से इंडिया गठबंधन से भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के निवर्तमान विधायक राम रतन सिंह, एनडीए गठबंधन से भारतीय जनता पार्टी के रजनीश कुमार, जनशक्ति जनता दल से चंद्र प्रकाश सिंह ,जन सुरज से रामनंदन सिंह, समता पार्टी से अविनाश भारती , जनतांत्रिक पार्टी राष्ट्रवाद से अवधेश कुमार,और बहुजन समाज पार्टी से मोहम्मद शकील सहित कुल 14 उम्मीदवार मैदान में हें। और सभी प्रत्याशीयों द्वारा मतदाताओं को अपने-अपने पक्ष में गोल बंद करने हेतु जनसंपर्क अभियान शुरू कर दिया गया है। तेघड़ा विधानसभा से 2020 में सीपीआई से रामरतन सिंह ने जदयू के वीरेंद्र कुमार को बड़े वोटो के मार्जिन से हराया था। हार का अंतर 47,979 वोटों का



था। राम रतन सिंह 85,229 वोट हासिल किया था। जबकि वीरेंद्र कुमार को 37,250 वोट मिले। वही इस सीट पर लोजपा से ललन कुंवर को 29,936 वोट मिले थे। लोजपा ने जदयू को भारी नुकसान पहुंचा था। लेकिन इस बार चिराग पासवान एनडीए में शामिल होकर चुनाव लड़ रहे हें। भाजपा को प्रथम बार पराजित करने वाले ललन कुंवर फिर इस बार अपनी उम्मीदवार हें। अब देखना है नामांकन वापसी के अंतिम तिथि 20 अक्टूबर तक। इस बार दोनों गठबंधन के बीच मुकाबला दिलचस्प बनता जा रहा है। विधायक राम रतन सिंह बेगूसराय के पुराने और दिग्गज नेता माने जाते हें। कांग्रेस नेता और जेएनयू छात्रसंघ के पूर्व अध्यक्ष कन्हैया कुमार के चाचा हें।

वही रजनीश कुमार भारतीय जनता पार्टी के काद्यावर नेता एवं पूर्व विधान पार्षद के रूप में अनुभवी राजनीतिज्ञ हें। पूर्व के बरौनी और वर्तमान के तेघड़ा विधानसभा में कुल 15 चुनावों में छह बार 'तेघड़ा' और नौ बार 'बरौनी' के नाम से मतदान हुआ। इस सीट पर सीपीआई का दबदबा अटल रहा। बिहार और देश के अन्य हिस्सों में सीपीआई का जनाधार कमजोर पड़ने के बावजूद, यह क्षेत्र पार्टी के मजबूत गढ़ों में शुमार है।

2008 परिसीमन के बाद क्षेत्रीय बदलावों ने सीपीआई की पकड़ को चुनौती दी। 2010 में भाजपा से ललन कुंवर ने सीट जीती, जबकि 2015 में राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) से वीरेंद्र कुमार ने बाजी मार ली। लेकिन 2020 में महागठबंधन के तहत सीपीआई फिर संजीवनी मिली जनता दल यूनाइटेड (जेडीयू) के उम्मीदवार को 47,979 वोटों के भारी अंतर से हराकर 11वीं बार इतिहास रचा। 2025 के चुनाव को लेकर विधानसभा अंतर्गत 339 मतदान केंद्र बनाए गए हें।

मतदाता सूची में कुल 2,99585 नाम दर्ज हैं, जिनमें 1,57920 पुरुष, 1,41656 महिलाएं हें।

# चेरिया बरियारपुर विधानसभा क्षेत्र की समस्याओं का करूंगा निराकरण: सुशील

राष्ट्र संवाद संवाददाता
राजेश कुमार

**महागठबंधन के राजद प्रत्याशी ने मीडिया संवाद सह अभिनंदन समारोह का किया आयोजन**



**खोदावंदपुर/बेगूसराय।** चेरिया बरियारपुर विधानसभा क्षेत्र के समुचित विकास का प्रयास करूंगा. यहां की विभिन्न समस्याओं का निराकरण भी करूंगा. जलजमाव, रोजगार, शिक्षा जैसी मुख्य समस्याओं का निराकरण किया जायेगा. कावर झील का सौंदर्यकरण किया जायेगा. यह वादा चेरिया बरियारपुर विधानसभा क्षेत्र से महागठबंधन के राजद प्रत्याशी सुशील कुमार कुशवाहा ने यहां के कार्यकर्ताओं एवं मतदाताओं से किया है. रविवार को खोदावंदपुर प्रखंड क्षेत्र फफौत पंचायत अंतर्गत तारा गांव स्थित एक विवाह भवन में आयोजित पत्रकार वार्ता में यह बातें कही. राजद प्रत्याशी ने कहा कि चेरिया बरियारपुर विधानसभा क्षेत्र में एक डिग्री कॉलेज एवं एक बीएड की सख्त जरूरत है. इस समस्या का निदान भी किया जायेगा. उन्होंने कहा कि राज्य की एनडीए की नीतीश सरकार ने लोगों को केवल विकास का सब्जबाग दिखाया. इस सरकार ने बेरोजगारों को रोजगार नहीं दिया. नीतीश सरकार की पूर्ण नशाबंदी योजना विफल रही. महागठबंधन के प्रत्याशी ने कहा कि वह भी यहां का बेटा ही हैं. उन्होंने बताया कि पार्टी कार्यकताओं के बीच आपसी मतभेद को मिल जुलकर सुलझा लिया जायेगा. महागठबंधन के सभी साथी एकजुट हैं. इस मौके पर राजद जिलाध्यक्ष मोहित यादव, राजद नेता प्रो ब्रजनंदन यादव, त्रिवेणी महतो, कुमारी सावित्री कुशवाहा, छौड़ाही प्रखंड राजद अध्यक्ष मनोज यादव, खोदावंदपुर प्रखंड राजद अध्यक्ष जियाउर रहमान उर्फ सैफी, चेरिया बरियारपुर प्रखंड राजद अध्यक्ष सुरेन्द्र राम, ऐजनी पंचायत के मुखिया पंकज दास, पान समाज के सीताराम दास, राजद नेता कैलाश यादव, प्रमोद कुशवाहा, किशोर कुणाल, रमेश यादव, राजेश रजक, मोहम्मद इस्तियाक, बलवंत यादव, माले नेता अवधेश कुमार समेत अनेक महागठबंधन के कार्यकर्ता मौजूद थे.

## आई पी स्कूल बरियारपुर पूर्वी के बच्चों ने रंगोली निर्माण एवं दीप निर्माण में दिखाया अपना जलवा



राष्ट्र संवाद संवाददाता

**खोदावंदपुर /बेगूसराय।** आसन्न दीपावली, काली पूजा एवं लोक आस्था का महापर्व छठ पर्व के मौके पर आइडियल प्रेप पब्लिक स्कूल बरियारपुर पूर्वी के बच्चों ने अपना जलवा दिखाया. स्कूल परिसर में आयोजित इस प्रतियोगिता में प्रदूषण मुक्त दिवाली बनाने के संदर्भ में लोगों को प्रेरित किया गया. स्कूली बच्चों ने इस कार्यक्रम में उत्साह के साथ भाग लिया. एक ओर जहां दीप निर्माण प्रतियोगिता में बच्चों ने एक से बढ़कर एक सुंदर का क्लात्मक दीप बनाकर अपनी कला का प्रदर्शन किया. वहीं दूसरी ओर रंगोली निर्माण प्रतियोगिता में भी बच्चों ने अपने कला का प्रदर्शन किया. बच्चों ने एक से बढ़कर एक रंगोली बनाया. इन प्रतियोगिताओं में कक्षा 6 की राधा व पुष्पांजलि को प्रथम, कक्षा 4 की निधि, सृष्टि, काजल, सुप्रिया व माहिरा को द्वितीय, कक्षा 7 की साक्षी व अनुराधा को तृतीय, कक्षा 5 की साक्षी, सिकी, आंचल शमा परवीन को चतुर्थ, कक्षा 3 की सोनी, शालू, मौसम, अस्मिता, स्वीटी, अनुप्रिया, यीशु को पांचवां स्थान मिला. इसके अलावे स्कूल के शिक्षकों ने सभी छात्र-छात्राओं को प्रदूषण मुक्त दिवाली मनाने का शपथ दिलवाया. इसकी जानकारी स्कूल के निदेशक राजाराम महतो ने दी.

## साइकिल पे संडे टीम ने निकाली मतदाता जागरूकता रैली

राष्ट्र संवाद संवाददाता




**बीहट /बेगूसराय** साइकिल पे संडे के 575 वें रविवार को आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर मतदाता जागरूकता साइकिल रैली निकाली गयी। सिद्धपीठ बड़की दुर्गा मंदिर परिसर से आकाश गंगा रंग चौपाल एसोसिएशन बरौनी के साइकिल पे सन्डे कार्यक्रम द्वारा आयोजित साइकिल रैली नगर परिषद बीहट चांदनी चौक के रास्ते मल्हीपुर, विष्णुपुर चांद के रास्ते सुदी स्थान वार्ड संख्या 33 जाकर संपन्न हुई। इस अवसर पर मतदाता जागरूकता में शामिल होते प्रखंड विकास पदाधिकारी बरौनी अनुरंजन कुमार ने कहा की 6 नवंबर को बिहार विधानसभा के पहले चरण का चुनाव है। जिसके साथ बेगूसराय के भी सभी सीटों पर भी 6 नवंबर को चुनाव होना है। उन्होंने तमाम मतदाताओं से कहा कि आप निष्पक्ष, निर्भीक और शांति पूर्वक अपना मतदान करें। चुनाव आयोग मतदाताओं को ध्यान में रखते हुए हर तरह की सुविधा के लिए तैयार है। कहा कि पहले मतदान, फिर जलपान का संकल्प लेकर हमें चुनाव का में भाग लेना है। मौके पर अभियान के संयोजक डॉ कुंदन कुमार ने कहा कि साइकिल पे संडे अभियान जब भी लोकतंत्र का महापर्व आता है, तो आम मतदाताओं को भी अपने अभियान के उद्देश्य के साथ-साथ वोट डालने के लिए लोगों को जागृत करता रहा है। आज संयुक्त रूप से यह कार्यक्रम आयोजित है। इसलिए आप सब लोग निश्चित रूप से 6 नंबर को मतदान करें। मौके पर अभियान के सदस्य देश सेवा में लगे जवान मुकेश कुमार ने कहा कि यह मौका हम सबको मिला है कि हम बेहतर लोकतंत्र और बेहतर प्रशासन के लिए एक अच्छी सरकार चुनें।

वही मौके पर अभियान के संयोजक अंशु कुमार, कुणाल कुमार, लक्ष्य, अक्षत के द्वारा भी मतदाता जागरूकता अभियान से संबंधित बातें रखी गयी। मौके पर हर्ल मैदान में कचनार और गुलमोहर के पौधे लगाए गए। वहीं पूर्व से लगाए गए पौधों की निकोनी की गयी।

# मां काली पूजा को लेकर औगान गांव में निकली भव्य कलशयात्रा

राष्ट्र संवाद संवाददाता

**151 कुमारी कन्याओं ने लिया भाग**



**भगवानपुर/ बेगूसराय/** रसलपुर पंचायत के औगान गांव में रविवार को छह दिवसीय मां काली पूजा के शुभारंभ से पूर्व भव्य कलश शोभायात्रा बाजे गाजे के साथ निकाली गई। कलश यात्रा की शुरूआत मां सुभाषिनी शक्तिपीठ औगान से की गई, जो रसलपुर और बनहारा ढाला मार्ग से गुजरते हुए काली मंदिर परिसर में विधिवत संपन्न हुई।इस दौरान सैकड़ों श्रद्धालु भक्ति व उत्साह के साथ यात्रा में शामिल हुए। कुंवारी कन्याओं ने पारंपरिक एवं रंग-बिरंगे परिधानों में कलश उठाकर यात्रा की शोभा बढ़ाई। पूरा वातावरण ह्यजय मां कालीह्न के गगनभेदी जयकारों से गूंज उठा।पूजा समिति के पुजारी विकास कुमार झा गौतम ने बताया कि इस वर्ष कुल 151 कलश यात्रा में शामिल किए गए। उन्होंने बताया कि राकेश चौधरी, रोशन चौधरी, दीपक चौधरी, कुंदन चौधरी, रजनीश चौधरी सहित मां सुभाषिनी शक्तिपीठ समिति के सभी सदस्य यात्रा में मौजूद रहे।

वहीं पूजा समिति के संयोजक रजनीश कुमार ने बताया कि पूजा के अवसर पर प्रतिदिन सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा तथा महाप्रसाद का वितरण भी होगा।

उन्होंने कहा कि 24 अक्टूबर को कलश विसर्जन के साथ पूजा का समापन किया जाएगा।

## सार-संक्षेप

### फॉरेवर लिविंग टीम की बैठक

राष्ट्र संवाद संवाददाता

**बीहट /बेगूसराय** फॉरेवर लिविंग प्रोडक्ट्स टीम की बैठक बारो पंचायत के पूर्व सरपंच प्रतिनिधि मो वासीफ के दरवाजे पर आयोजित किया गया।जिसमें एलोवेरा जेल हनी टूथ जेल हर्बल इन फ्यूजन सहित अनेक प्रकार की जानकारी बेगूसराय के दीपक कुमार के द्वारा दिया गया। उन्होंने व्यक्तिगत उपयोग के लिए उत्पादों के साथ-साथ एक लाभदायक व्यवसाय शुरू करने की जानकारी दी। इस अवसर पर युवा महिला पुरुष आदि ने हिस्सा लिया । वहीं लोगों ने क्षेत्र में बीमारियों से छुटकारा पाने के लिए उत्पादों का उपयोग करने पर विचार विमर्श किया। मौके पर वासीफ उर्फ बब्बन मोहम्मद मुमताज रमेश पंडित सोनू कुमार मोहम्मद फैयाज आदि ने भाग लिया। वहीं पूर्व सरपंच प्रतिनिधि बब्बन ने बताया कि उपयोग के लिए महत्वपूर्ण बैठक किये हैं।

### 90 लिटर देशी शराब के साथ कारोबारी गिरफ्तार

राष्ट्र संवाद संवाददाता

**भगवानपुर /बेगूसराय** थाना क्षेत्र में शराब कारोबारीयों को लगता है पुलिस का खौफ नहीं है। तभी तो इन दिनों लगातार शराब व शराब कारोबारी छापामारी के दौरान पकड़े जाने के बाद भी शराब कारोबार से तौबा नहीं कर रहे हैं। गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने थाना क्षेत्र के गेहुंनी बदिया गांव में छापामारी कर 90 लिटर देशी व शराब बनाने का उपकरण भी पुलिस ने बरामद किया। मिली जानकारी के अनुसार इस में कई लोग संलिप्त हैं लेकिन पुलिस के हत्थे एक कारोबारी चढ़ा,जिसकी पहचान उक्त गांव निवासी श्याम पासवान पिता स्वर्गीय विपरी पासवान के रूप में हुई है। पुलिस ने उक्त मामले में प्राथमिकी दर्ज करते हुए श्याम पासवान को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है।

### विद्युत स्पशार्घात से महिला की हुई मौत, स्वजनों में मचा चीख-पुकार

राष्ट्र संवाद संवाददाता



**भगवानपुर /बेगूसराय** थाना क्षेत्र के मोख्तियारपुर पंचायत अंतर्गत वार्ड संख्या 11 स्थिति मरखाही पोखर स्थित अम्बेडकर नगर टोला में रविवार को अपराह्न लगभग 5 बजे विद्युत स्पशार्घात से एक महिला की मौत हो गई।जिसकी पहचान उक्त टोला निवासी रामाशीष पासवान की लगभग 65 वषीर्या पत्नी रामप्यारी देवी के रूप में हुई है। रामप्यारी देवी की मौत की सूचना मिलते ही स्वजनों में चीख-पुकार मच गया। वहीं ग्रामीणों की भीड़ घटना स्थल पर उमड़ पड़ी। मृतिका को तीन पुत्र बिरजू पासवान,मंटुन पासवान व चंदन पासवान तथा तीन पुत्रियां है और सभी विवाहित हैं।करंट कैसे लगी उसकी जानकारी नहीं मिली है। समाचार लिखे जाने तक पुलिस नहीं पहुंच पाई थी।

### एक देशी कट्टा व करतूस, 2.18 लाख बरामद

**डेहरी आन सोन,** ।आसन्न विधानसभा चुनाव के मद्देनजरनजर पूरे जिले में चलाए जा रहे छापेमारी अभियान के तहत एक देशी पिस्तौल, दो जिन्दा कारतूस,2.18 लाख नगद व भारी मात्रा में शराब बरामद किया गयाह्न

एसपी रौशन कुमार के अनुसार काराकाट थाना क्षेत्र के रघुनाथपुर गांव में सिकंदर राम के घर के बगल में छिपा कर रखा हुआ एक देसी कट्टा और दो जिंदा कारतूस व दो खोखा बरामद किया गया है।

बरामद अवैध हथियार के संबंध में आवश्यक जांच की जा रही है उन्होंने बताया कि संझौली थाना क्षेत्र के के उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के पास सासाराम बिक्रमगंज मार्ग पर वाहन जांच के क्रम में प्रतिनियुक्ति दल के द्वारा नोखा थाना क्षेत्र के भटौली गांव निवासी रमेश राय के पास से दो लाख 18 हजार नगद बरामद किया गया ।

बरामद रुपए के संबंध में जांच की जा रही हैह्न उन्होंने बताया दरिगांव थाना क्षेत्र कादिरगंज में डेढ़ सौ लीटर अवैध देसी महुआ शराब के साथ मुबारकगंज निवासी दारा कुमार और कादिरगंज निवासी विकास कुमार को गिरफ्तार किया गया है। इसी थाना क्षेत्र में ई-रिक्शा से तस्करी को जा रहे 90 लीटर देसी महुआ शराब के साथ एक विधि विरुद्ध बालक को निरुद्ध किया गया है। उससे पूछताछ की जा रही है।पूछताछ के आधार पर संलिप्त पाए गए अन्य तस्करों की गिरफ्तारी को छापेमारी की जा रही हैह्न वही डालमियानगर थाना क्षेत्र में गंगौली नहर के पास एक ट्रक के ट्यूब में भरकर तस्करी की जा रही देसी महुआ शराब के साथ विदेशी भुइया को गिरफ्तार किया गया है। जबकि नटवार थाना क्षेत्र के आसिया टोला में छापेमारी कर 25 लीटर देसी शराब के साथ तस्कर मुन्ना कुमार को गिरफ्तार किया गया है

### बिहार में जदयू की औरंगाबाद जिला समिति ने दिया सामूहिक इस्तीफा

**पटना,।** बिहार विधानसभा चुनाव 2025 से पहले जनता दल यूनाइटेड (जदयू) को बड़ा झटका लगा है। पार्टी की पूरी औरंगाबाद जिला कमेटी ने इस्तीफा दे दिया है। इस कदम से होने वाले संभावित नुकसान को देखते हुए पार्टी ने तत्काल प्रभाव से पूर्व जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार सिंह को कार्यकारी जिलाध्यक्ष नियुक्त किया है।सामूहिक इस्तीफे के बाद जदयू जिलाध्यक्ष रहे पूर्व विधायक अशोक कुमार सिंह ने रविवार को पत्रकारों संबोधित करते हुए कहा कि रफीगंज विधानसभा सीट से जेडीयू ने वैसे व्यक्ति को प्रत्याशी बनाया है, जो जदयू के प्राथमिक सदस्य भी नहीं हैं। यदि पार्टी जदयू के किसी नेता को टिकट देती या राजग के किसी दूसरे घटक दल के नेता को टिकट दे दिया जाता, तो उनके कार्यकर्ता आहत नहीं होते, लेकिन इस तरह की विकट स्थिति उत्पन्न हो जाने से कार्यकताओं की भावना आहत हुई।

## सिमरिया कल्पवास मेला में श्रद्धालुओं की सुरक्षा जिला प्रशासन के सर्वोच्च प्राथमिकता: जिला पदाधिकारी



बेगूसराय /राष्ट्र संवाद ब्यूरो

सिमरिया धाम में चल रहे कल्पवास मेला के मद्देनजर श्रद्धालुओं एवं आम जनों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा व्यापक व्यवस्था की गई है।

सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के तहत सिमरिया धाम परिसर एवं आसपास के क्षेत्रों में उच्च गुणवत्ता वाले सीसीटीवी कैमरे स्थापित किए गए हैं।

इन कैमरों के माध्यम से सतत निगरानी की जा रही है। नियंत्रण कक्ष से कैमरों की लाइव मॉनिटरिंग की व्यवस्था की गई है, ताकि किसी भी असामाजिक या संदिग्ध गतिविधि पर त्वरित कार्रवाई की जा सके।

जिला पदाधिकारी श्री तुषार सिंगला ने बताया कि सिमरिया धाम में कल्पवास करने आए श्रद्धालुओं की सुरक्षा जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।उन्होंने कहा कि आधुनिक तकनीक की सहायता से सुरक्षा व्यवस्था को और प्रभावी बनाया गया है, जिससे श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो तथा मेला का वातावरण शांतिपूर्ण और सुरक्षित बना रहे।

## स्कूल में दीपोत्सव का कार्यक्रम: बच्चों ने सजाई श्री राम दरबार की सजीव झांकियां, सत्यजीत सोनू बोले- राम के जीवन से ले प्रेरणा

बेगूसराय राष्ट्र संवाद ब्यूरो

ज्ञान निकेतन विद्यालय तेघड़ा में रविवार को प्रकाश पर्व दीपावली धूमधाम से मनाई गई। इस दौरान बच्चों ने धार्मिक व पौराणिक रूप से झांकी सजाकर भगवान राम दरबार का सुंदर चित्रण बच्चों ने किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ श्री राम के अयोध्या आगमन पर दीप प्रज्वलन एवं पूजन के साथ किया गया है इसमें भगवान श्री राम दरबार का सुंदर चित्रण में छात्र सिद्धार्थ राम , छात्रा प्राजंलि सीता, और छात्र ऋषभ लक्ष्मण के अलावे बच्चे विभिन्न रूपों में सगे नजर आए। कोई वाल्मीकि बना था, तो कोई केवट तो कोई भरत बनकर श्री राम आगमन का चित्रण कर रहा था। विद्यार्थियों ने रंगोली बनाकर दीपक पर ड्राइंग कार्ड अर्पित



किए। शिक्षाविद सत्यजीत ने

ने कहा कि आज के समय में शिक्षा के साथ-साथ संस्कार भी बहुत जरूरी है। हमारी आने वाली पीढ़ी हमारी प्राचीन सभ्यता एवं संस्कृति से भलीभांति परिचित रहे इसकी जिम्मेदारी मां-बाप के साथ गुरुओं की भी है।

क्योंकि स्कूल ही गए जगह है जहां बच्चों के जीवन को सही आकार और दिशा दी जाती है।

इस अवसर पर विद्यालय के निर्देश सह आर .एन.टी ट्रस्ट के रोहित कुमार ने कहा कि हमें अपनी प्राचीन सभ्यता और संस्कृति को नहीं भूलना चाहिए प्रभु श्री राम के जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए। मौके पर रोहित कुमार ,गुड़िया कुमारी, सुहानी कुमारी ,नेहा कुमारी, राहुल कुमार साथ ही समस्त स्टाफ एवं छोटे-छोटे बच्चे मौजूद थे।

## विद्यालय समाज के विकास की रीढ़ होता है: नीलम अग्रवाल

बेगूसराय /राष्ट्र संवादब्यूरो

**सावित्री देवी मारवाड़ी बालिका उच्च विद्यालय में शिक्षकों का हुआ सम्मान, दीपावली की दी बधाई**

सावित्री देवी मारवाड़ी बालिका उच्च विद्यालय एवं गैलेक्सी कॉन्वेंट के प्रबंधन द्वारा दीपावली के अवसर पर शिक्षकों को सम्मानित किया गया। सभी को पर्व की बधाई के साथ ही शिक्षकों व कर्मियों के बीच उपहार वितरित किया गया।

सावित्री देवी मारवाड़ी बालिका उच्च विद्यालय एवं गैलेक्सी कॉन्वेंट प्रबंधन के निगरानी में संचालन होता है

शनिवार को मैनेजमेंट की ओर से दीपावली एवं छठ पर्व के पूर्व विद्यालयों के शिक्षकों को उपहार देकर सम्मानित किया गया। प्रबंधन



की अध्यक्षा नीलम अग्रवाल, सचिव रश्मि कालोटिया एवं राखी अग्रवाल

ने सभी शिक्षकों को सम्मानित करते हुए उपहार प्रदान किया । अध्यक्षा नीलम अग्रवाल ने सभी को दीपावली की बधाई देते हुए कहा कि दीपावली खुशियां बांटने और दीप जलाने का पर्व है। स्कूल में दीपावली का अवकाश हो रहा है इस मौके पर समारोह कर सभी को दीपावली की बधाई के साथ ही उपहार दिए गए हें। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि विद्यालय समाज के विकास की रीढ़ होता है। देश व प्रदेश के विकास में एक विद्यार्थी अमूल्य योगदान देता है। इसके लिए शिक्षक ही उसे तैयार करता है। इस दौरान सचिव रश्मि कालोटिया, प्रबंधन की राखी अग्रवाल, सावित्री देवी मारवाड़ी बालिका उच्च विद्यालय की प्रिंसिपल नूतन कुमारी, गैलेक्सी कान्वेंट के प्राचार्य सुनील कुमार सिंह

ने कहा कि शिक्षक समाज का आईना होते हैं। वह भविष्य निमार्ता होते हैं, समाज को सदैव शिक्षक को सम्मान की दृष्टि से देखना चाहिए और उनका सदैव आदर करना चाहिए। इस अवसर पर विद्यालय के बच्चों ने रंगोली बनाकर ग्रीन दीपावली मनाने का संदेश दिया कार्यक्रम के अवसर पर सभी शिक्षक शिक्षिका एवं सैकड़ो की संख्या में बच्चे मौजूद थे।

पंजीयन संख्या :JHAHIN01092 स्वामी , प्रकाशक , मुद्रक व संपादक देवानंद सिंह द्वारा अमन प्रिंटर , 66 गोलमुरी बाजार , जमशेदपुर - 3 से मुद्रित तथा अमन पब्लिकेशन राष्ट्र संवाद , 66 गोलमुरी बाजार , जमशेदपुर -3 झारखंड से प्रकाशित ।फोन : 0657 - 2341060 /2344002 मो:09431179542 /09102339999 / 07739802044 / 09334823893

# लियोनेल मेसी ने जीता 2025 एमएलएस गोल्डन बूट

**नई दिल्ली।** इंटर मियामी सीएफ के सुपरस्टार लियोनेल मेसी ने 2025 एमएलएस गोल्डन बूट का खिताब अपने नाम कर लिया है। इस सीजन 29 गोल दागकर मेसी लीग के शीर्ष स्कोरर बन गए हैं। यह इंटर मियामी के साथ उनका दूसरा पूरा सीजन है।मेसी ने गोल के साथ-साथ 19 असिस्ट भी किए हैं। वह एलएएफसी के डेनिस बोंगा (24 गोल) और नैशविले एससी के सैम सरिज (24 गोल) को पीछे छोड़ चुके हैं। इंटर मियामी के इतिहास में पहले %गोल्डन बूट% विजेता मेसी साल 2021 में न्यूयॉर्क सिटी एफसी के वैलेंटिन %टैटी% कैस्टेलानोस के बाद यह पुरस्कार जीतने वाले पहले अर्जेंटीनी खिलाड़ी हैं।



अर्जेंटीना के इस महान खिलाड़ी ने शनिवार को निर्णायक मैच में नैशविले के खिलाफ 5-2 से जीत में 3 गोल और 1 असिस्ट किए। इस सीजन उनका कुल योगदान 48 गोल और असिस्ट (29 गोल, 19 असिस्ट) हो गया है। यह साल 2019 में एलएएफसी के लिए कार्लोस वेला के एमएलएस रिकॉर्ड 49 से बस थोड़ा ही कम है।

अब मेसी लीग के पहले खिलाड़ी बनने की दिशा में हैं, जो लगातार एमवीपी अवार्ड जीतेंगे।

मेसी और मियामी एमएलएस कप प्लेऑफ में ईस्टर्न कॉन्फ्रेंस की नंबर 3 सीड हैं, जहां उनका सामना पहले दौर की बेस्ट-ऑफ-3 सीरीज में नंबर-6 नैशविले से होगा। इस साल का एमएलएस कप विजेता 6 दिसंबर को घोषित किया जाएगा।

मेसी ने अब अपने शानदार करियर में एमएलएस गोल्डन बूट भी जोड़ लिया है। वह उन चुनिंदा खिलाड़ियों में शामिल हो गए हैं, जिन्होंने लीग के पहले सत्र 1996 से अब तक यह सम्मान हासिल किया है।

1996 से 2004 तक, एमएलएस गोल्डन बूट प्वाइंट सिस्टम के आधार पर दिया जाता था, जिसमें गोल के लिए 2 अंक और असिस्ट के लिए 1 अंक मिलते थे। इसके बाद यह नियम बदलकर केवल गोल की गिनती पर आधारित कर दिया गया। हाल ही में चेज स्टेडियम में अर्जेंटीना ने प्यूर्टो रिको को 6-0 से शिकस्त दी। इस मुकाबले के साथ मेसी पुरुष अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल में सर्वाधिक असिस्ट करने वाले खिलाड़ी बन गए थे।

## विराट कोहली का कमबैक बयान, अब पहले से ज्यादा फिट महसूस कर रहा हूं



**पर्थ।** भारतीय टीम के दिग्गज बल्लेबाज़ विराट कोहली ने लंबे अंतराल के बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी की है। आईपीएल 2025 फाइनल के बाद उन्होंने कोई प्रतिस्पर्धी मैच नहीं खेला था, लेकिन कोहली का कहना है कि यह ब्रेक उनके लिए ताज़गी भरा साबित हुआ और वे खुद को पहले से ज़्यादा फिट और तरोताज़ा महसूस कर रहे हैं। कोहली ने फॉक्स स्पोर्ट्स पर रवि शास्त्री और एडम गिलक्रिस्ट से बातचीत में कहा, सच कहूँ तो पिछले 15-20 साल में मैंने जितना क्रिकेट खेला है, शायद ही कभी आराम किया हो। मैंने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट और आईपीएल मिलाकर सबसे ज़्यादा मैच खेले हैं। इस बार का ब्रेक मेरे लिए बहुत राहत भरा था। उन्होंने आगे कहा, मैं खुद को पहले से ज़्यादा फिट महसूस कर रहा हूँ। जब आपका शरीर फिट रहता है और रिफ्लेक्स ठीक काम करते हैं, तो खेल में सब कुछ सहज लगता है। बस शारीरिक तैयारी पर ध्यान देने की ज़रूरत होती है। कोहली ने बताया कि वे नेट्स और ट्रेनिंग सेशंस में अच्छा महसूस कर रहे हैं। ÷मुझे लगता है कि अगर शरीर फिट है तो गेम अवेयरनेस अपने आप बनी रहती है। मैं यहाँ ऑस्ट्रेलिया में खुद को फ्रेश और तैयार महसूस कर रहा हूँ, नेट्स और फील्डिंग सेशंस में भी सब कुछ बढ़िया चल रहा है। कोहली के आँकड़े भी उनके दावे की पुष्टि करते हैं अपने अंतरराष्ट्रीय करियर में उन्होंने अब तक 551 में से 535 मैच खेले हैं, इसके अलावा आईपीएल में 238 मुकाबले खेल चुके हैं।

## नितीश कुमार रेड्डी का वनडे डेब्यू, ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी चुनी

**पर्थ।** ऑस्ट्रेलिया ने भारत के खिलाफ तीन मैचों की वनडे सीरीज़ के पहले मुकाबले में टॉस जीतकर पहले गेंदबाज़ी करने का फैसला किया है। मैच का आयोजन पर्थ के ऑप्टस स्टेडियम में किया जा रहा है। इस मुकाबले में भारत के युवा ऑलराउंडर नितीश कुमार रेड्डी वनडे अंतरराष्ट्रीय करियर की शुरुआत कर रहे हैं। वहीं, कप्तान शुभमन गिल इस सीरीज़ को अपने नेतृत्व में पहली बार जीतने की कोशिश करेंगे। टीम में दिग्गज खिलाड़ी विराट कोहली और रोहित शर्मा की वापसी से भारत का आत्मविश्वास बढ़ा है।

ऑस्ट्रेलिया की ओर से मिचेल मार्श टीम की अगुवाई कर रहे हैं, जबकि नियमित कप्तान पैट कमिंस पीठ में स्ट्रेस फ्रैक्चर के कारण सीरीज़ से बाहर हैं। टॉस के बाद मार्श ने कहा, पिच शानदार लग रही है। उम्मीद है कि यह तेज़ होगी। देश की कप्तानी करना हमेशा सम्मान की बात होती है। टीम का माहौल अच्छा है और हमारे पास कुछ बेहतरीन युवा खिलाड़ी हैं। वहीं, भारतीय कप्तान शुभमन गिल ने कहा, हम भी पहले गेंदबाज़ी करना चाहते थे। सब कुछ मानसिक रूप से तैयार रहने पर निर्भर करता है। नितीश रेड्डी आज डेब्यू कर रहे हैं। हमारे पास तीन तेज़ गेंदबाज़ और तीन ऑलराउंडर हैं। साल 2020 के बाद से भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच वनडे मुकाबले काफ़ी रोमांचक रहे हैं – ऑस्ट्रेलिया ने 7 मैच जीते हैं, जबकि भारत 8 मैचों में विजेता रहा है। पिछली बार दोनों टीमें चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के सेमीफाइनल में भिड़ी थीं, जहां भारत ने जीत दर्ज कर फाइनल में जगह बनाई और बाद में खिताब भी जीता था।

## गोल्फ आप किसी भी उम्र में खेल सकते हैं : कपिल देव

**नई दिल्ली, ।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान कपिल देव ने कहा है कि गोल्फ बेहद कठिन खेल है। कपिल इन दिनों गोल्फ में सक्रिय हैं।एनडीटीवी गोल्फ प्रो-एम लॉन्च कार्यक्रम के दौरान कपिल देव ने कहा कि कई लोग गोल्फ को एक साधारण खेल मानते हैं, लेकिन लक्ष्य छोटा होने के कारण गोल्फ क्रिकेट से भी कठिन खेल है। गोल्फरों को बेहद अच्छे मार्जिन के साथ काम करना पड़ता है, जिससे खेल कहीं अधिक चुनौतीपूर्ण हो जाता है। कपिल देव प्रोफेशनल गोल्फ टूर ऑफ इंडिया (पीजीटीआई) के अध्यक्ष हैं।



पूर्व भारतीय कप्तान ने कहा कि गोल्फ का प्रशिक्षण भी काफी कठिन होता है। 90 प्रतिशत खिलाड़ी प्रशिक्षण के शुरुआती 15 दिनों के अंदर ही खेल छोड़ देते हैं।

गोल्फ पर विस्तार से जिक्र करते हुए कपिल देव ने कहा, लक्ष्य जितना छोटा होगा, खेल उतना ही कठिन होगा। क्रिकेट में, आप 360 डिग्री तक हिट कर सकते हैं और फिर भी स्कोर कर सकते हैं। गोल्फ में, थोड़ी सी चूक आपको खेल से बाहर कर देती है। उन्होंने कहा कि गोल्फ में हार के बाद निराशा में लोग खेल छोड़ देते हैं। मैं चाहता हूं कि प्रतियोगी जीतें और गोल्फ कोर्स में वापस आएं। खुद को अभिव्यक्त करें और खेल का आनंद लें। यही सबसे महत्वपूर्ण बात है। कपिल देव ने कहा, आपको क्रिकेट के मैदान पर हरियाली नहीं मिलती। गोल्फ एक ऐसा खेल है जिसे आप किसी भी उम्र में खेल सकते हैं। एक क्रिकेटर या फुटबॉलर के लिए 50 साल की उम्र में गेंदबाजी करना या दौड़ना बहुत मुश्किल है। यहां, आप अपने पिता, अपने पोते-पोतियों, अपने दोस्तों, अपनी पत्नी के साथ खेल सकते हैं। यही कारण है कि यह खेल बड़ा है और लोकप्रिय हो रहा है। अमिताभ कांत ने कहा, भारत में इस समय सबसे ज्यादा संभावनाओं वाला खेल गोल्फ है। भारत दुनिया के सभी शीर्ष चैंपियन पैदा करेगा। हमारी जनसंख्या बहुत युवा है। हमारी औसत आयु सिर्फ 28 वर्ष है। अगले 30 वर्षों तक, दुनिया के शीर्ष गोल्फर भारत से ही निकलेंगे।

## पहला वनडे- ऑस्ट्रेलिया ने भारत को 7 विकेट से हराया

### कप्तान मार्श ने नाबाद 46 रन की पारी खेली, कोहली-रोहित नहीं चले

**पर्थ।**भारतीय टीम ऑस्ट्रेलिया दौरे पर वनडे सीरीज का पहला मैच 7 विकेट से हार गई है। बारिश से प्रभावित मैच को जीतने के साथ ही ऑस्ट्रेलिया ने 3 मैचों की सीरीज में 1-0 की बढ़त ले ली है। सीरीज का दूसरा मुकाबला 23 अक्टूबर को एडिलेड में खेला जाएगा।



पर्थ के ऑप्टस स्टेडियम में ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। भारत ने बारिश के कारण तय किए गए 26 ओवर में 9 विकेट पर 136 रन बनाए। केएल राहुल ने 38 और अक्षर पटेल ने 31 रन बनाए। जवाब में ऑस्ट्रेलिया ने 21.2 ओवर में टारगेट हासिल कर लिया। कप्तान मिचेल मार्श ने नाबाद 46 रन बनाए। जोश फिलिप ने 37 रन की पारी खेली। मैच का स्कोरबोर्ड

**फ्लॉप हुए रोहित, विराट, गिल और अय्यर**

भारत के टॉप ऑर्डर के 4 बैटर इस मैच में खास प्रदर्शन नहीं कर सके। रोहित शर्मा 10, विराट कोहली शून्य और कप्तान शुभमन गिल 10 रन बनाकर पावरप्ले के अंदर ही पवेलियन लौट गए। नंबर-4 पर उतरे श्रेयस अय्यर भी 11 रन ही बना सके।

**भारतीय पारी में 4 बार रोकना पड़ा खेल**

टॉस हारकर बैटिंग करने उतरी भारतीय पारी में रुक-रुककर बारिश होती रही। इस वजह से 4 बार मुकाबले को रोकना पड़ा। पहली बार मैच 9वें ओवर में रोका गया था। तब तक कप्तान गिल, कोहली और रोहित पवेलियन लौट गए थे।दोबारा खेल शुरू होने पर श्रेयस अय्यर भी पवेलियन लौट गए। जोश हेजलवुड ने विकेटकीपर जोश फिलिप के हाथों कैच कराया।

**DLS मैथड के कारण भारत के 6 रन कम हुए**

रुक-रुककर हो रही बारिश के कारण मैच के ओवर्स में कटौती की गई और भारतीय टीम 26 ओवर में 136 रन ही बना सकी। छस्रू मैथड के कारण ऑस्ट्रेलिया को 131 रन का संशोधित लक्ष्य मिला। यानी कि बारिश के कारण भारतीय पारी के 6 रन कम हो गए।

**मिचेल मार्श की पारी से आसान हुआ रन चेज**

131 रन के संशोधित लक्ष्य का पीछा कर रही ऑस्ट्रेलियाई टीम ने 10 रन पर पहला विकेट गंवा दिया था। यहां ट्रैविस हेड 8 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें अर्शदीप सिंह ने पवेलियन भेजा।

यहां से कप्तान मिचेल मार्श ने मैथ्यू शॉर्ट (8 रन) के साथ 34, जोश फिलिप (37 रन) के साथ 55 रन और मैट रेनशॉ के साथ नाबाद 32 रन की पारी साझेदारी करके अपनी टीम को जीत दिलाई।

## चेन्नईयिन एफसी ने क्लिफोर्ड मिरांडा को हेड कोच नियुक्त किया

**चेन्नई ।** चेन्नईयिन एफसी ने क्लिफोर्ड मिरांडा को अपना नया हेड कोच नियुक्त किया है। टीम की ओर से इसकी घोषणा शनिवार को हुई। ओवेन कॉयल की जगह लेने वाले मिरांडा क्लब के पहले भारतीय मुख्य कोच बने हैं।25 अक्टूबर से अपने गृह राज्य गोवा में शुरू होने वाले एआईएफएफ सुपर कप में बतौर हेड कोच यह उनकी पहली नियुक्ति है। चेन्नईयिन को इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) की अन्य टीमों मोहन बागान सुपर जायंट, ईस्ट बंगाल एफसी और डेम्पो एससी के साथ एक मुश्किल ग्रुप में रखा गया है, जिन्हें घरेलू मैदान पर खेलने का फायदा मिलेगा। चेन्नयिन एफसी और कॉयल इस साल की शुरुआत में आपसी सहमति से अलग हो गए थे। स्कॉटिश मैनेजर कॉयल आईएसएल के सबसे सफल खिलाड़ियों में से एक थे, जिन्होंने इससे पहले जमशेदपुर एफसी के साथ आईएसएल शील्ड जीता।



अब क्लिफोर्ड मिरांडा क्लब की किस्मत बदलने की कोशिश करेंगे। एआईएफएफ सुपर कप उनके लिए अपनी छाप छोड़ने का एक अच्छा मौका है। 2024-25 सीजन में, कॉयल की कोचिंग में चेन्नईयिन एफसी 24 मैचों में केवल सात जीत के साथ 11वें स्थान पर रही थी।

एफसी गोवा, ओडिशा एफसी, मोहन बागान सुपर जायंट और मुंबई सिटी एफसी के पूर्व सहायक कोच, हेड कोच के पद पर कदम रखेंगे।

2017-18 में चेन्नईयिन ने आखिरी बार आईएसएल कप फाइनल में बेंगलुरु एफसी को शिकस्त देकर रजत पदक जीता था। टीम ने पिछले पांच सीजन में केवल एक बार आईएसएल प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई किया है।

एआईएफएफ सुपर कप की बात करें, तो इस कोच का इतिहास शानदार रहा है, उन्होंने 2023 में अंतरिम मुख्य कोच के रूप में ओडिशा एफसी के साथ टूर्नामेंट जीता था। यह एक ऐसी उपलब्धि है, जिसे वह अपने नए क्लब के साथ दोहराना चाहेंगे।

43 वर्षीय कॉयल का क्लब और देश के लिए शानदार खेल करियर रहा है, उन्होंने आईएसएल के पहले दो अभियानों में एफसी गोवा और एटीके एफसी के लिए आईएसएल में एक खिलाड़ी के रूप में खेला था।

## राशिद खान ने PSL 2026 से किया किनारा

### पाकिस्तान की एयरस्ट्राइक के बाद लिया बड़ा फैसला

**नई दिल्ली, ।** अफगानिस्तान के T20I कप्तान राशिद खान ने पाकिस्तान में तीन अफगान क्रिकेटरों की हत्या के बाद पाकिस्तान सुपर लीग (PSL) फ्रेंचाइज़ी Lahore Qalandars को अपनी सोशल मीडिया बायो से हटा दिया है। यह कदम उस समय आया जब अफगानिस्तान ने पाकिस्तान में होने वाली ट्राई-नेशन T20I सीरीज से अपना नाम वापस ले लिया।



राशिद ने X (पूर्व में Twitter) पर पोस्ट किया÷ पाकिस्तान की हालिया एयरस्ट्राइक में नागरिकों की जान जाने का समाचार गहरा दुख देता है – इस त्रासदी में महिलाएं, बच्चे और युवा क्रिकेटर मारे गए, जिनका सपना था कि वे अपने देश का प्रतिनिधित्व करें। इस हमले में कबीर, सिबघतुल्लाह और हारून मारे गए। अफगानिस्तान के अन्य अनुभवी क्रिकेटरों ने भी कड़ी निंदा की। ऑलराउंडर मोहम्मद नबी ने लिखा, यह अमानवीय और शर्मनाक कृत्य हमारी बहादुर क़ौम को कमजोर नहीं कर सकता।

और गुलबदीन नैब ने कहा, पाकिस्तानी सेना द्वारा किया गया यह क़त्लेआम हमारे लोगों, गर्व और स्वतंत्रता पर हमला है, लेकिन यह अफगान आत्मा को कभी नहीं तोड़ सकता।

राशिद खान ने अब तक कई लीगों में खेला है और Lahore Qalandars के लिए तीन सीज़न में 44 विकेट लिए हैं। उनका औसत 15.47 और इकॉनमी रेट 6.13 रन प्रति ओवर है। आईपीएल और PSL के शेड्यूल के टकराव के कारण Rashid वैसे भी PSL 2026 खेलना मुश्किल था, लेकिन अब यह अफगान क्रिकेटरों के PSL बॉयकॉट की शुरुआत भी बन सकता है। अफगानिस्तान की जगह इस ट्राई-नेशन सीरीज़ में जिम्बाब्वे को शामिल किया गया है।

## ज्योति शूरेखा ने रचा इतिहास, फाइनल में जीता कांस्य पदक

**नानजिंग (चीन)।** भारत की स्टार तीरंदाज ज्योति शूरेखा वेंनम ने शनिवार को इतिहास रचते हुए वर्ल्ड कप फाइनल में कांस्य पदक जीत लिया। वह ऐसा करने वाली भारत की पहली महिला कंपाउंड आर्चर बन गई हैं।

एशियाई खेलों की स्वर्ण पदक विजेता ज्योति ने ब्रिटेन की वर्ल्ड नंबर-2 एला गिब्सन को हराकर यह उपलब्धि हासिल की। उन्होंने मुकाबले में 15 में से 15 परफेक्ट तीर साधे और 150-145 से जीत दर्ज की।



29 वर्षीय ज्योति ने क्वार्टर फाइनल में अमेरिका की एलेक्सिस रुइज़ को 143-140 से हराया था, लेकिन सेमीफाइनल में उन्हें वर्ल्ड नंबर-1 एंड्रिया बेसेरा (मेक्सिको) से कड़े मुकाबले में 143-145 से हार का सामना करना पड़ा। हालांकि, ज्योति ने वापसी करते हुए ब्रॉन्ज़ मेडल मुकाबले में शानदार प्रदर्शन दिखाया।

यह ज्योति का वर्ल्ड कप फाइनल में तीसरा प्रदर्शन था – वह इससे पहले ट्लैक्सकाला (2022) और हर्मोसिलो (2023) में पहले ही दौर में बाहर हो गई थीं।

महिला कंपाउंड वर्ग में भारत की एक और खिलाड़ी मधुरा धामनगांवकर पहले दौर में मैक्सिको की मरियाना बर्नाल से 142-145 से हारकर बाहर हो गईं।

पुरुष कंपाउंड वर्ग में भारत के ऋषभ यादव को मामूली अंतर से ब्रॉन्ज़ मेडल से चूकना पड़ा। उन्होंने नीदरलैंड्स के पूर्व विश्व चैंपियन माइक श्लॉसर के खिलाफ रोमांचक शूट-ऑफ में हार का सामना किया। दोनों ने पांचों राउंड में 147-147 की बराबरी की थी, लेकिन शूट-ऑफ में श्लॉसर का तीर केंद्र के ज़्यादा पास था।

भारत के लिए अब तक वर्ल्ड कप फाइनल में अभिषेक वर्मा ही एकमात्र कंपाउंड आर्चर हैं जिन्होंने 2015 (मैक्सिको सिटी) में रजत और 2018 (सैमसुन) में कांस्य पदक जीता था।

## जैनिक सिनर के सामने जोकोविच का मास्टरप्लान फेल, सेमीफाइनल में हुआ एकतरफा मुकाबला

नोवाक जोकोविच और जैनिक सिनर के बीच सिक्स किंग्स स्लैम 2025 के सेमीफाइनल मुकाबले में जोकोविच की रणनीति पूरी तरह ध्वस्त हो गई। सेर्बियाई स्टार, जो अपनी टैक्टिकल ब्रिलियंस और मानसिक मजबूती के लिए जाने जाते हैं, मैच को लंबा खींचकर सिनर की सहनशक्ति को आजमाने की योजना लेकर आए थे। लेकिन इतालवी खिलाड़ी ने केवल एक घंटे से थोड़ी अधिक में सीधे सेटों में 6-4, 6-2 से उन्हें हराकर योजना को धराशायी कर दिया।



**एक योजना जो नहीं बन सकी:** हार के बाद जोकोविच ने ईमानदारी से स्वीकार किया कि उनका मास्टरप्लान सिनर को लंबा और शारीरिक मुकाबला खेलने के लिए प्रेरित करने का पूरी तरह फेल हो गया। 24 बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन ने कहा, मैंने कम से कम लंबे मैच की कोशिश की, लेकिन इतालवी खिलाड़ी के स्तर के सामने यह असंभव था।

जैनिक सिनर अब जोकोविच के खिलाफ बढ़ती श्रेष्ठता दिखा रहे हैं। उनका हेड-टू-हेड रिकॉर्ड अब 6-4 सिन्नर के पक्ष में है, जिसमें उन्होंने पिछले पांच आधिकारिक मुकाबले जीते हैं। इसके अलावा, जोकोविच ने सिन्नर से 2024 और 2025 के सिक्स किंग्स स्लैम प्रदर्शनी मुकाबलों में भी हार झेली है।

**जोकोविच का हल्का-फुल्का रुख:** हार के बावजूद जोकोविच ने अपनी खेल भावना और हास्य दिखाया। रियाद के दर्शकों के सामने उन्होंने मजाक किया÷ मुझे खेद है कि आप आज लंबा मैच नहीं देख सके, यह उसकी गलती है, मेरी नहीं! उन्होंने सिनर की अविरल ऊर्जा की तारीफ की और बताया कि आखिरी गेम में 0-15 पर उन्हें डराने की कोशिश भी असफल रही। मैं बस टिके रहने की कोशिश कर रहा था, लेकिन वह बहुत अच्छे थे। उन्हें बधाई और फाइनल में शुभकामनाएं।

हार के बावजूद जोकोविच ने अपने खेल और स्थान का संतुलित मूल्यांकन किया, भले ही किसी ने कोर्ट पर आपको इस तरह हराया हो, लेकिन यह अद्भुत है कि मैं अभी भी उच्च स्तर पर खेल पा रहा हूँ, टॉप 10 और टॉप 5 में। इस हार ने जोकोविच को सिनर की तेजी से बढ़ती क्षमता का एहसास दिलाया और उन्हें अपनी रणनीति पर पुनर्विचार करने की चुनौती दी। वहीं, सिन्नर की जीत ने उन्हें टेनिस की अगली प्रमुख ताकत के रूप में मजबूत किया।